नाइलिट

23ok okf"kd fjikV

2017-2018

रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

jk"Vh; byDVkfudh ,o lpuk ik|kfxdh lLFkku

रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

23वाँ
वार्षिक प्रतिवेदन
2017-18

विषयवस्तु


संदेश 04

परिषदें 08

विशेष 16

परियोजनाएं 32


केन्द्र 37

लेखा–परीक्षक 85

लेखा 87

संक्षिप्ताक्षर 132

रवि शंकर प्रसाद
RAVI SHANKAR PRASAD

सत्यमेव जयते

मंत्री
विधि एवं न्याय
एवं
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
भारत सरकार

MINISTER OF
LAW & JUSTICE
and
ELECTRONICS & INFORMATION TECHNOLOGY
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

'डिजिटल इंडिया कार्यक्रम' स्वयं में "जन–आंदोलन" के रूप में परिवर्तित हो गया है तथा यह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था से ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में, प्रौद्योगिकी पर विशिष्ट ध्यान दिये जाने के साथ ही, कुछ क्षेत्रों जैसे आईटी, आईटीईएस, ई–कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण, डिजिटल भुगतान, साइबर सुरक्षा, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इत्यादि में महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुए हैं।

आज, जनसाधारण देश में उभरती हुई डिजिटल इको–सिस्टम में हिस्सेदारी रखता है चूंकि, डिजिटल प्रौद्योगिकी ने जनसाधारण के जीवन में उनकी सुविधाओं में वृद्धि करते हुए परिवर्तन किया है। डिजिटल इंडिया की भूमिकाओं में से एक पहल यह है कि, जनसाधारण को कम लागत की विभिन्न सेवाएं प्रदान करते हुए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। नाइलिट अपनी सभी क्षेत्रों में अभिगम्यता से आईईसीटी में शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करते हुए शासन की कार्यक्षमता में अभिवृद्धि करने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

नाइलिट भारत सरकार के दृष्टिकोण जिसमें डिजिटल सशक्त कार्यबल का गठन व चौथी औद्योगिक क्रांति की चुनौतियों का सामना करने हेतु तैयार रहना शामिल है, को वास्तविक रूप देने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। मोबाइल एप्स के विकास से 24x7x365 मोड में स्मार्टफ़ोन उपकरणों के माध्यम से नाइलिट की ऑनलाइन सेवाओं की उपलब्धता का सुनिश्चय होने से ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रमों में प्रवेश से नए उदाहरण की शुरुआत हुई है। नाइलिट ने पहले ही बिग डेटा/डेटा एनालिटिक्स, थिंग्स ऑफ इंटरनेट (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रशिक्षण का प्रारम्भ कर दिया है तथा अल्प अवधि "ब्लॉक–चेन प्रौद्योगिकी" पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ प्रक्रिया में है जिसे, विशिष्ट क्षेत्रों में से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र माना गया है।

भारत सरकार का उद्देश्य रोजगार क्षमता से अत्यधिक युक्त होने के लिए गुणवत्तापरक कार्यबल की उपलब्धता का सुनिश्चय करना है। इस संदर्भ में, नाइलिट इस चुनौती का सामना करने के लिए सक्षम है तथा स्तर 2 से 8 तक के विभिन्न स्तरों पर राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के साथ संरेखित किए जा रहे 75 कौशल उन्मुख पाठ्यक्रमों के साथ अग्रणी संस्थान के रूप में उभर कर सामने आया है।

मैं राष्ट्र और इसके नागरिकों के विकास में नाइलिट के योगदान पर शुभकमनाएं देता हूं।

Ravi Shankar Prasad

(रवि शंकर प्रसाद)

Electronics Niketan, 6, C.G.O. Complex, Lodhi Road, New Delhi - 110003
Phone : 011-24369191, 24362626 FAX : 011-24366070

Digital India
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

एस. एस. अहलुवालिया
S. S. AHLUWALIA

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार
Minister of State
Electronics & Information Technology
Government of India

संदेश

मुझे राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) की 23वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ–साथ वर्ष 2017–2018 के लिए लेखाओं का संपरीक्षित विवरण एवं लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए प्रसन्नता हुई है।

'डिजिटल इंडिया' माननीय प्रधानमंत्री जी का विजन है जिसके अंतर्गत डिजिटल सेवाओं, ज्ञान और सूचना की पहुँच का सुनिश्चय करने के साथ ही हर नागरिक को सशक्त बनाना है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने सरकारी विभागों को निर्देशित किया है कि वह हमारे देश के प्रत्येक नागरिक को सुशासन प्रदान करें तथा उनका स्वप्न है कि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत भी कराया जाए। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय व इसके संबद्ध संगठन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी के डिजिटल इंडिया विजन का प्रसार किए जाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। नाइलिट, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन है, जो डिजिटल इंडिया के लिए भारत सरकार की पहल के क्रम में आवश्यक रोजगार योग्य मानव संसाधन के विकास के लिए गुणवत्तापरक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का संचालन करता है।

मुझे प्रसन्नता है कि नाइलिट ने अन्य क्षेत्रों जैसे भारत सरकार के 'स्किल इंडिया' व मेक–इन–इंडिया कार्यक्रमों में पहल की है जो संभावित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था को 'ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' तक पहुंचाने हेतु एक दिशा प्रदान कर रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी में लाखों रोजगार का सृजन होने की सम्भावना है। नाइलिट द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और वर्चुअलाइजेशन, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), साइबर कानून/सुरक्षा, बिग डेटा एनालिटिक्स, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, मोबाइल एप्लीकेशन विकास (एंड्रॉइड), ईएसडीएम और संबंधित क्षेत्रों में प्रयास किए जा रहे हैं जो सराहनीय हैं। यहाँ, मैं उल्लेख करूंगा कि देश भर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के साथ नाइलिट ने साइबर–सुरक्षा ऑडिटर्स के क्षेत्र में भी मानव संसाधनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मैं आश्वस्त हूँ कि नाइलिट बहु–आयामी दृष्टिकोण को अपनाते हुए मौजूदा क्षमताओं में वृद्धि एवं रोजगार क्षमताओं में वृद्धि की दिशा में प्रमुख रूप से डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने में मील का पत्थर सिद्ध होने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रयास जारी रखेगा।

मैं सभी क्षेत्रों में नाइलिट के विकास और भावी प्रयासों में अत्यधिक सफलता प्राप्त करने की कामना करता हूं।

(एस. एस. अहलुवालिया)

Digital India

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय : इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003, दूरभाष : 011-24368757-58, फैक्स : 011-24360958
Office : Electronics Niketan , 6, C.G.O. Complex, New Delhi-110003, Tel. : 011-24368757-58, Fax : 011-24360958
E-mail : tengrg@gmail.com, ssamin@gov.in, **Website :** www.meity.gov.in

सत्यमेव जयते

अजय साहनी, आई.ए.एस.
AJAY SAWHNEY, I.A.S.

सचिव
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार
Secretary
Ministry of Electronics &
Information Technology (MeitY)
Government of India

संदेश

इलेक्ट्रॉनिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी और नवाचार, भारत को डिजिटली सशक्त ज्ञान अर्थव्यवस्था में परिणत होने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। नाइलिट 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' और 'स्किल इंडिया' कार्यक्रमों के लिए भारत सरकार की पहल के क्रम में रोजगार–योग्य मानव संसाधन के विकास हेतु गुणवत्तापरक क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

डिजिटल क्रांति ही 'चौथी औद्योगिक क्रांति' का दूसरा रूप है जो इंटरनेट और स्मार्ट फोन के माध्यम से प्रौद्योगिकियों की विविधताओं के विलय से प्रेरित है। नए नवाचारों के आधार पर व्यापार मॉडल को नवीनतम प्रौद्योगिकियों में कुशल जनशक्ति की आवश्यकता होगी तथा नाइलिट उन्नत व उभरती हुई प्रौद्योगिकियों में अपने विभिन्न पाठ्यक्रमों के साथ विशिष्ट योगदानकर्ता के रूप में सक्षम है।

यह प्रशंसनीय है कि कुछ वर्षों में, नाइलिट ने 41 केंद्रों के नेटवर्क से पूरे देश भर में अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के साथ अत्यधिक विकास किया है। नाइलिट प्रमाणपत्र स्तर से पीएचडी स्तरीय पाठ्यक्रमों की श्रृंखला के साथ दोनों औपचारिक और अनौपचारिक पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु संकाय व आधारभूत संरचना जैसे सामर्थ्य से युक्त है।

नाइलिट उभरती/भावी प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग व वर्चुअलाइजेशन, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), साइबर कानून/सुरक्षा, बिग डेटा एनालिटिक्स, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, मोबाइल एप्लीकेशन विकास (एंड्रॉइड), ईएसडीएम और संबंधित क्षेत्रों में योग्य मानव संसाधन विकास के लिए वचनबद्ध है।

नाइलिट ने एमएआईटी, अमेज़ॅन, गूगल, इंटेल, माइक्रोसॉफ्ट, इत्यादि जैसी अग्रणी औद्योगिक ईकाइयों के साथ परस्पर सामंजस्य से जीआईएस, ई–अपशिष्ट प्रबंध मोबाइल हैंडसेट डिजाइन में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के माध्यम से आंतरिक क्षमताओं में वृद्धि की दिशा में नई शुरुआत भी की है।

मैं कामना करता हूँ कि नाइलिट राष्ट्र की सेवा रूपी अपनी यात्रा में सफलता प्राप्त करे।

(अजय साहनी)

इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली–110003 / Electronics Niketan, 6, C.G.O. Complex, New Delhi-110003
Tel.: 011-24364041 • Fax 24363134 • email : secretary@meity.gov.in

रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

डॉ. जयदीप कुमार मिश्रा
Dr. Jaideep Kumar Mishra
महानिदेशक
Director General

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (रा.इ.सू.प्रौ.सं.)
National Institute of Electronics and Information Technology (NIELIT)
(इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक स्वयत्त वैज्ञानिक संस्था)
(An Autonomous Scientific Society of Ministry of Electronics and Information Technology, Government of India)
6, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली– 110 003
6 CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110 003
दूरभाष / Tele No. : +91-11-24364870, 24363732
ईमेल / E-mail : dg@nielit.gov.in
ट्विटर / Twitter : @NIELITIndia

संदेश

भारत नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र विशेष रूप से डिजिटल समावेशन पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ सशक्त बना रहा है। इस क्रम में, नाइलिट ने उभरती प्रौद्योगिकियों में पाठ्यक्रमों का आरंभ, हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में ई–सामग्री का विकास, दूरस्थ क्षेत्रों में नागरिकों तक सहजता से पहुँच का सुनिश्चय करने के साथ देश की शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु स्मार्ट कक्षा–कक्ष की स्थापना जैसी विभिन्न पहल की शुरुआत की है।

डिजिटली सशक्तीकरण की यात्रा में योगदान दिये जाने के क्रम में, नाइलिट में देश भर में ऑनलाइन माध्यम से परीक्षाओं का संचालन करने हेतु संस्थागत मॉडल्स उपलब्ध हैं। इसने स्वयं को विभिन्न मंत्रालयों/संगठनों/विभागों के लिए भर्ती परीक्षाओं का संचालन करने हेतु ब्रांड–नाम के रूप में स्थापित किया है।

स्वच्छ भारत मिशन में भाग लेते हुए, नाइलिट ने ई–अपशिष्ट प्रबंध परियोजना को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया है जिसके अंतर्गत ई–अपशिष्ट का उचित प्रबंध, संग्रह और पुनरावर्तन पर जागरूकता सृजन हेतु 10 राज्यों में 2000 से अधिक कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

शोध व विकास पर, सेमी–कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) मोहाली, पंजाब में एरे सिंगल प्रोसेसर के टेप–आउट को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। नाइलिट इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्त–पोषित परियोजना में, स्वदेशी रंग डोप्लर अल्ट्रासाउंड मशीन का भी विकास कर रहा है जिसमें प्रीनेटल डायग्नोस्टिक टेकनीक (पीएनडीटी) कंपलाइन्स के साथ स्वदेशी डिजाइन शामिल है।

नाइलिट कौशल और क्षमता निर्माण में अग्रणी संस्थानों में से एक है व विभिन्न कौशल स्तरों में राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के साथ 75 कौशल उन्मुखी पाठ्यक्रमों को अभी तक श्रेणीबद्ध किया है। इन श्रेणियों में नाइलिट ने राष्ट्रीय स्तर के मिशन व कार्यक्रमों का प्रतिपादन किया है।

नाइलिट का वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान टर्न–ओवर 383.47 करोड़ रुपए रहा जो, गत वर्ष रु.347.59 करोड़ था।

नाइलिट डिजिटल रूप से सशक्त राष्ट्र के निर्माण के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की सहायता व मार्गदर्शन से सर्वश्रेष्ठ सेवाए देना जारी रखेगा।

(डॉ. जयदीप कुमार मिश्रा)

अध्यक्ष, अधिशासी परिषद, नाइलिट

वर्ष	नाम
1995–1996	**प्रो. पी.वी. इंदिरेसन,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
1996–1997	**प्रो. पी.वी. इंदिरेसन,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
1997–1998	**प्रो. पी.वी. इंदिरेसन,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
1998–1999	**प्रो. सी.एस झा,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
1999–2000	**प्रो. सी.एस झा,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
2000–2001	**प्रो. सी.एस झा,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
2001–2002	**प्रो. (डॉ.) के.के. अग्रवाल,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
2002–2003	**डॉ. संजय पासवान,** राज्य मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2003–2004	**थिरू दयानिधि मारन,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2004–2005	**थिरू दयानिधि मारन,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2005–2006	**थिरू दयानिधि मारन,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2006–2007	**थिरू ए. राजा, मंत्री,** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2007–2008	**थिरू ए. राजा, मंत्री,** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2008–2009	**थिरू ए. राजा, मंत्री,** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2009–2010	**थिरू ए. राजा, मंत्री,** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2010–2011	**थिरू ए. राजा, मंत्री,** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी (14/11/2010 तक)
	श्री कपिल सिब्बल, मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी (15/11/2010 से)
2011–2012	**श्री कपिल सिब्बल,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2012–2013	**श्री कपिल सिब्बल,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2013–2014	**श्री रवि शंकर प्रसाद,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2014–2015	**श्री रवि शंकर प्रसाद,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2015–2016	**श्री रवि शंकर प्रसाद,** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
2016–2017	**श्री रवि शंकर प्रसाद,** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
2017–2018	**श्री रवि शंकर प्रसाद,** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी

उपाध्यक्ष, अधिशासी परिषद, नाइलिट्

वर्ष*	नाम
2016–17	**श्री पी.पी. चौधरी,** राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
2017–18	**श्री के जे अलफोन्स,** राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

अध्यक्ष, प्रबंध बोर्ड, नाइलिट

नाम	से	तक
श्री जे. सत्यनारायण, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	14/03/2012	30/04/2014
श्री आर एस शर्मा, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	01/05/2014	07/08/2015
श्री राकेश गर्ग, भाप्रसे, सचिव, संचार विभाग	08/08/2015	30/08/2015
श्री जे.एस. दीपक, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	31/08/2015	08/02/2016
श्रीमती अरुणा शर्मा, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	08/02/2016	28/07/2016
श्रीमती अरुणा सुंदरराजन, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	29/07/2016	22/06/2017
श्री अजय साहनी, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	23/06/2017	–

मुख्य कार्यकारी अधिकारी/कार्यकारी निदेशक/प्रबंध निदेशक/महानिदेशक, नाइलिट

नाम	से	तक
श्री टी.सी. गुप्त	09/11/1994	26/06/1999
श्री. वी.बी. तनेजा	28/06/1999	04/08/1999
श्री अरिन्दम बोस	05/08/1999	17/07/2000
डॉ. पी.एन. गुप्ता	18/07/2000	30/12/2005
श्री जी.वी. रघुनाथन	31/12/2005	28/09/2006
डॉ. वी.एन. वालीवाडेकर	29/09/2006	28/02/2007
डॉ. बी.के. मूर्ति	01/03/2007	15/07/2007
श्री जी.वी. रघुनाथन	16/07/2007	16/10/2008
डॉ. एस. बिरेन्द्र सिंह	17/10/2008	01/11/2010
डॉ. वी.एन. वालीवाडेकर	02/11/2010	18/08/2011
श्री एन. रवि शंकर, भाप्रसे	19/08/2011	28/08/2011
डॉ. वी.एन. वालीवाडेकर	29/08/2011	31/08/2011
श्री एन. रवि शंकर, भाप्रसे	02/09/2011	03/05/2012
डॉ. अजय कुमार, भाप्रसे	04/05/2012	05/08/2012
डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा	06/08/2012	05/08/2017
श्री राजीव कुमार, आईएफओएस	16/08/2017	19/08/2018

* First time created in 2016

रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

दृष्टि

उद्योग उन्मुखी गुणवत्तापरक शिक्षा व प्रशिक्षण के विकास में अग्रणी होना तथा सूचना इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी) के क्षेत्र में परीक्षा व प्रमाणन हेतु प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित करना।

लक्ष्य

देश के अनौपचारिक संस्थानों के मध्य कम्प्युटर शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन हेतु एकल स्रोत के रूप में स्थापित करना। अधिक संख्या में आईटी पेशेवरों की उपलब्धता के पश्चात, अब देश के सभी क्षेत्रों के साथ–साथ विदेशों में भी, नाइलिट की पहुँच में विस्तार हो रहा है।

अधिशासी परिषद (2017–18)

श्री रवि शंकर प्रसाद
अध्यक्ष
माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
तथा विधि एवं न्याय मंत्री



के.जे. अल्फोंस
उपाध्यक्ष
(तत्कालीन) माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
राज्य मंत्री (2017–18)

श्री अजय साहनी
कार्यकारी उपाध्यक्ष
सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्री केवल किशोर शर्मा
सदस्य
सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,
एम.एच.आर.डी.

प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे
सदस्य
अध्यक्ष, अखिल भारतीय
तकनीकी शिक्षा परिषद

सुश्री अनुराधा मित्रा
सदस्य
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय

डॉ. बी. के. मूर्ति
सदस्य
वैज्ञानिक 'जी' व समूह समन्वयक (एचआर)
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
मंत्रालय

श्री राजीव कुमार
सदस्य
संयुक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी
और सूचना प्रौद्योगिकी
मंत्रालय

अधिशासी परिषद (2017–18)

श्री विजय कुमार देव
सदस्य
महानिदेशक (प्रशिक्षण) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

श्री आर. चन्द्रशेखर
सदस्य
प्रेसिडेंट, नैसकॉम

प्रो. (डॉ.) केटीवी रेड्डी
सदस्य
अध्यक्ष, इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स

श्री राजेन्द्र एस. पवार
सदस्य
अध्यक्ष, एनआईआईटी लि.

श्री हरि ओम राय
सदस्य
अध्यक्ष, लावा इंटरनेशनल लि.

प्रो. (श्रीमती) गीतिका कपूर
सदस्य
निदेशक, आर.ए. पोद्दार प्रबंध सस्थान, राजस्थान विश्वविद्यालय

श्री टी.के. कुरियन
सदस्य
सीईओ, प्रेमजी इन्वेस्ट

श्री कुणाल बहल
सदस्य
सीईओ, स्नैपडील

श्रीमती देबजानी घोष
सदस्य
नॉन एग्जीक्यूटिव निदेशक, यस बैंक

डॉ. वी.एस. चौहान
सदस्य
अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

श्री राजीव कुमार
सदस्य सचिव
महानिदेशक, नाइलिट

प्रबंध बोर्ड (2017–18)

श्री अजय साहनी
अध्यक्ष
सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय

सुश्री अनुराधा मित्रा
सदस्य
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय

डॉ. बी. के. मूर्ति
सदस्य
वैज्ञानिक 'जी' व समूह समन्वयक (एचआर)
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
मंत्रालय

श्री राजीव कुमार
सदस्य
संयुक्त सचिव,
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय

प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे
सदस्य
अध्यक्ष, अखिल भारतीय
तकनीकी शिक्षा परिषद

श्री आर. चन्द्रशेखर
सदस्य
प्रेसिडेंट. नैसकॉम

श्री राजीव कुमार
सदस्य सचिव
महानिदेशक, नाइलिट

वित्त एवं लेखा समिति (2017–18)

श्री राजीव कुमार
अध्यक्ष
महानिदेशक, नाइलिट

सुश्री अनुराधा मित्रा
सदस्य
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय
अथवा प्रतिनिधि

श्री राजीव कुमार
सदस्य
संयुक्त सचिव,
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय
अथवा प्रतिनिधि

श्री ए.के. पिपल
सदस्य
निदेशक एवं एचओडी (एचआरडी)
इलेक्ट्रॉनिकी और
सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्रीमती चमन शर्मा
सदस्य सचिव
मुख्य वित्त अधिकारी, (प्रभारी), नाइलिट

मुख्य सतर्कता अधिकारी / कार्यकारी निदेशक / निदेशक / प्रभारी निदेशक

श्री प्रफुल्ल कुमार
सतर्कता अधिकारी, नाइलिट तथा
वरिष्ठ निदेशक, एमईआईटीवाई

डॉ. ए.के.डी. द्विवेदी
गोरखपुर

डॉ. एम.पी. पिल्लै
कालीकट

श्री टी.पी. सिंह
इम्फाल, कोहिमा

डॉ. संजीव कुमार गुप्ता
औरंगाबाद

श्री के. बरुआ
गुवाहाटी

डॉ युमनाम जयंता सिंह
कोलकाता

श्रीमती सुनीता गोयल
चंडीगढ़

डॉ. डी. एस. ओबेरॉय
श्रीनगर / जम्मू

श्री के. एम. मार्टिन
चेन्नई

श्री एन. देबाचन्द्रा सिंह
आइजॉल / ईटानगर

श्री वी. कृष्णमूर्ति
भुवनेश्वर

श्री अरूप चट्टोपाध्याय
गंगटोक

श्री टी.एस. बावा
कुरुक्षेत्र

श्री आलोक त्रिपाठी
पटना

श्री अनुराग माथुर
अगरतला

निदेशक / प्रभारी निदेशक / कुलसचिव / मुख्य वित्त अधिकारी

श्री अनुराग कुमार
हरिद्वार

श्री तपस त्रिवेदी
राँची

डॉ. डी.के. मिश्रा
लखनऊ

श्री राजीव अग्रवाल
शिमला

श्री दीपक वासन
रोपड़

श्री सांतनु बोर्गोहैन
शिलांग

श्री शमीम खान
दिल्ली

श्री संजीव सूरी
अजमेर / पाली

श्री जनक राज
कुलसचिव
लोक शिकायत अधिकारी व
अपीलीय प्राधिकारी

श्रीमती चमन शर्मा
मुख्य वित्त अधिकारी
(प्रभारी)

विशेष

संगठन

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक स्वायत्त वैज्ञानिक संस्था है। नाइलिट सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) इलेक्ट्रॉनिकी; संचार प्रौद्योगिकी; हार्डवेयर; साइबर कानून; साइबर सुरक्षा; भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस); क्लाउड कंप्यूटिंग; इलेक्ट्रॉनिकी सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम); ई–अपशिष्ट; इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी); बिग डेटा; ब्लॉक चेन; डेटा विश्लेषण; ई–गवर्नेंस व संबंधित क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और कौशल विकास के कार्य में सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है। यह औपचारिक और गैर–औपचारिक दोनों क्षेत्रों में पाठ्यक्रम संचालन करती है तथा राष्ट्रीय परीक्षा निकायों में से एक है। नाइलिट अनौपचारिक क्षेत्र में पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु संस्थानों/ संगठनों को प्रत्यायन प्रदान करती है। नाइलिट विभिन्न राज्य सरकार के कार्मिकों व जनसाधारण के लिए आईटी साक्षरता कार्यक्रम का भी संचालन कर रही है।

वर्ष 1995 में, नाइलिट (पूर्व में डीओईएसीसी संस्था के रूप में) की शुरुआत हुई। दिसंबर, 2002 में, डीओईएसीसी संस्था में आरसीसी, चंडीगढ़; आरसीसी, कोलकाता व सीईडीटीआई औरंगाबाद, गोरखपुर, कालीकट, इम्फाल, ऐजवाल, तेजपुर/गुवाहाटी व श्रीनगर/जम्मू का विलय हुआ। विलय के पश्चात, संस्था का लक्ष्य इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की मानव संसाधन विकास की एक शाखा के रूप में सूचना, इलेक्ट्रॉनिकी और संचार के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास और संबंधित कार्यकलापों को कार्यान्वित करना था। अक्तूबर, 2011 में, डीओईएसीसी संस्था का नाम बदलकर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) रखा गया था।

नाइलिट अधिशासी परिषद के समग्र नियंत्रण एवं दिशानिर्देशों के अंतर्गत कार्य कर रही है। इस परिषद के माननीय केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (इ. व सू.प्रौ.) अध्यक्ष व माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री उपाध्यक्ष हैं। अधिशासी परिषद के अन्य सदस्य सरकार, उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों तथा विभिन्न व्यावसायिक निकायों के प्रतिनिधि हैं।

नाइलिट के प्रबंधन बोर्ड की अध्यक्षता इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (भारत सरकार) के सचिव द्वारा की जाती है। प्रबंधन बोर्ड तथा अधिशासी परिषद के निर्णयों का कार्यान्वयन प्रभावी रूप से करने हेतु प्रत्येक नाइलिट केंद्र की एक कार्यकारी समिति है जिसमें राज्य सरकारों, शैक्षिक संस्थानों तथा उद्योगों के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं।

नाइलिट की वित्त और लेखा (वि. एवं ले.) समिति के अध्यक्ष, महानिदेशक, नाइलिट हैं जो बजट अनुमान/संशोधित अनुमानों तथा संगठन के वित्तीय मुद्दों/समाधानों की सिफ़ारिश करके अधिशासी परिषद का सहयोग करते हैं। यह समिति संस्थान की संपरीक्षित वार्षिक लेखाओं को अधिशासी परिषद द्वारा पारित किए जाने से पहले उनकी जांच करती है। उन्हें मुख्यालय स्तर पर कुलसचिव, मुख्य वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक व निदेशक (तकनीकी) एवं केंद्र स्तर पर कार्यकारी निदेशक/निदेशक का सहयोग प्राप्त होता है।

नाइलिट के सतर्कता विभाग के प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं, जो इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी को प्रत्येक केन्द्र तथा नाइलिट मुख्यालय के सतर्कता अधिकारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है।

पारदर्शिता तथा जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए संस्थान में जुलाई, 2005 से सूचना का अधिकार अधिनियम के अनिवार्य प्रावधानों को कार्यान्वित किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम में उल्लिखित अपेक्षाओं के अनुसार, मुख्यालय में लोक सूचना अधिकारी (पीआईओ) तथा सभी नाइलिट केन्द्रों में लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अनुरोधों पर कार्रवाई करने के लिए आन्तरिक कार्यविधियाँ तैयार की गई हैं और अनिवार्य सूचना नाइलिट की वेबसाइट (www.nielit.gov.in) पर उपलब्ध कराई गई है। सार्वजनिक सेवाओं की प्रदायगी में उत्कृष्टता लाने तथा नागरिकों की शिकायतों का निवारण सार्थक रूप में करने के उद्देश्य से, नाइलिट ने प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के दिशा–निर्देशों के अनुसार एक लोक शिकायत अधिकारी (पीजीओ) की भी नियुक्ति की है। हिन्दी के प्रयोग के संबंध में संवैधानिक अनुदेशों का अनुपालन नाइलिट केन्द्रों में क्षेत्रवार प्रावधानों के अनुसार किया जा रहा है।

अप्रैल, 2018 की स्थिति के अनुसार, नाइलिट ने पूरे भारत में 40 केन्द्रों अगरतला, ऐजवाल, अजमेर (केकड़ी), अलावलपुर, औरंगाबाद, भुवनेश्वर, कालीकट, चंडीगढ़, चुचुइमंग, चुराचंदपुर, चेन्नई, दिल्ली, डिब्रूगढ़, गंगटोक,गोरखपुर, गुवाहाटी, हरिद्वार, इंफाल, ईटानगर, जम्मू, जोरहाट, कोहिमा, कोकराझार, कोलकाता, कुरुक्षेत्र, लेह, लखनऊ, लुंगलेई, पाली, पासीघाट, पटना, रांची, रोपड़, सेनापति, शिलांग, शिमला, सिलचर, श्रीनगर, तेजपुर तुरा, नई दिल्ली स्थित मुख्यालय सहित अपने नेटवर्क के माध्यम से पहुँच का सुनिश्चय किया है। ओ/ए/बी/सी स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए यह लगभग 825+ प्रत्यायित प्रशिक्षण संस्थानों के एक नेटवर्क से भी जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए लगभग 8770+ सुविधा केन्द्रों का एक नेटवर्क भी है।

नाइलिट के अपने केंद्र (31 मार्च, 2018 तक की स्थिति अनुसार)

(40 परिचालन + 07 प्रगति में हैं।)

2012 से पूर्व	22	अगरतला, आइजोल, औरंगाबाद, कालीकट, चंडीगढ़, चेन्नई, चुचुइमलंग, दिल्ली, गंगटोक, गोरखपुर, गुवाहाटी, इंफाल, ईटानगर, जम्मू, कोहिमा, कोलकाता, लखनऊ, पटना, शिमला, शिलांग, श्रीनगर, तेजपुर
2012-13	6	अजमेर, जोरहाट, सिलचर, चुराचंदपुर, सेनापति, लेह
2013-14	3	रांची, कोकराझार, लुंगलेई
2014-15	2	अलावलपुर, रोपड़
2015-16	2	पासीघाट, तूरा
2016-17	3	कुरुक्षेत्र, डिब्रूगढ़, भुवनेश्वर
2017-18	2	पाली, हरिद्वार

कौशल विकास तथा क्षमता निर्माण

कौशल विकास दीर्घकालीन विकास प्रक्रिया को प्रेरित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और यह अनौपचारिक से औपचारिक अर्थव्यवस्था में संचरण की सुविधा प्रदान करने में योगदान दे सकता है। अच्छी तरह कार्य करने के सिद्धान्त तथा मूल्य, कौशल विकास के डिजाइन एवं प्रदायगी के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं और ये सामाजिक रूप में उचित संचरण का कुशल प्रबंध करने का एक प्रभावी मार्ग है। राष्ट्रीय कौशल विकास नीति का उद्देश्य उन्नत कौशल, ज्ञान तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय रूप में मान्यता प्राप्त अर्हता के माध्यम से सभी व्यक्तियों का सशक्तीकरण करना है जिससे वे अच्छा रोजगार प्राप्त कर सकें तथा वैश्विक बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित हो सके। नाइलिट आईईसीटी के क्षेत्र में युवाओं को कौशल प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नाइलिट द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले व्यापक पाठ्यक्रमों में ये शामिल हैं : (क) नाइलिट केन्द्रों द्वारा राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों / तकनीकी बोर्डों के सहयोग से चलाए जाने वाले औपचारिक क्षेत्र के पाठ्यक्रम जैसे कि एमई / एम.टेक, बीई / बी.टेक, एमसीए, बीसीए कार्यक्रम; औरंगाबाद केन्द्र भी इलेक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में पीएचडी कार्यक्रम चलाता है (ख) सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर आदि के चार स्तरों पर अर्थात 'ओ' (आरम्भिक); 'ए' (उन्नत डिप्लोमा); 'बी' (एमसीए के समतुल्य) तथा 'सी' (एम.टेक के समतुल्य) पर अनौपचारिक क्षेत्र के पाठ्यक्रम; प्रमुख क्षेत्रों में अल्पावधि पाठ्यक्रम; तथा देश में डिजिटल साक्षरता के प्रसार के लिए सूचना प्रौद्योगिकी साक्षरता कार्यक्रम; और राज्य सरकारों के कर्मचारियों के सशक्तीकरण के लिए ई–शासन, ई–अपशिष्ट, जीएसटी में विशेष कार्यक्रम। इसके अतिरिक्त, नाइलिट ने सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र की फर्मों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार विशेष रूप से तैयार कौशल विकास कार्यक्रम चलाने की विशेषज्ञता तैयार की है।

भारत सरकार के 'डिजिटल इंडिया', 'मेक–इन–इंडिया' तथा 'स्किल इंडिया' मिशन के अनुसरण में ग्रामीण युवाओं के सशक्तीकरण तथा उनकी आजीविका में अभिवृद्धि करने के प्रयोजन से नाइलिट द्वारा चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमों के कार्यक्षेत्र का विस्तार करने के लिए प्रयास किए गए हैं। इस बात का सुनिश्चय करने पर बल दिया गया है कि नाइलिट द्वारा जो भी नए पाठ्यक्रम तैयार किए जाएँ वे उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो ताकि, इन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी औद्योगिक क्षेत्र में आसानी से रोजगार प्राप्त कर सके।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि नाइलिट के पाठ्यक्रम अद्यतन तथा उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप हों, इन पाठ्यक्रमों को सरकारी विनियमों तथा फ्रेमवर्क के अनुरूप बनाने के सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। **नाइलिट ऐसे अग्रणी संगठनों मे सम्मिलित है जिसने, 75 (इलेक्ट्रॉनिकी में 43 और सूचना प्रौद्योगिकी में 32) पाठ्यक्रमों को एनएसक्यूएफ के साथ सूचीबद्ध किया है।**

''एनएसक्यूएफ योग्यता–आधारित गुणवत्ता आश्वासन ढांचा है जो योग्यता, ज्ञान, कौशल और सीखने के परिणामों के संदर्भ में अर्हता का निर्धारण करता है; चाहे वह औपचारिक, अनौपचारिक या अनौपचारिक शिक्षण के माध्यम से प्राप्त किए गए हों।''

नाइलिट द्वारा एनएसक्यूएफ सूचीबद्ध पाठ्यक्रमों का संचालन

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	स्तर	अवधि
1	कंप्यूटर अवधारणा पर आधारित पाठयक्रम (सीसीसी)	3	80 घंटे
2	'ओ' स्तर	5	480 घंटे
3	'ए' स्तर	6	1550 घंटे
4	'बी' स्तर	7	4150 घंटे
5	'सी' स्तर	8	2700 घंटे
6	इलेक्ट्रॉनिकी उत्पादन डिजाइन में पोस्ट डिप्लोमा	6	1598 घंटे
7	आईओटी में पीजी डिप्लोमा	7	470 घंटे
8	प्रमाणित एंडरोइड एप्स डेवेलपर	5	100 घंटे
9	हार्डवेयर, नेटवर्क व सूचना सुरक्षा (एडीएचएनएस) में उन्नत डिप्लोमा	5	1220 घंटे
10	उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिकी उत्पादों के स्थापन व मरम्मत में डिप्लोमा	4	350 घंटे
11	वेब डिजाइनिंग में प्रमाणित पाठ्यक्रम	3	80 घंटे
12	ऑफिस ऑटोमेशन (सीसीओए) में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	3	80 घंटे
13	सौर ऊर्जा स्थापन, परिचालन व मरम्मत	4	80 घंटे
14	पीसी एसेम्बली व मरम्मत में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	3	80 घंटे
15	लिनक्स, अपाचे, एमवाईएसक्यूएल व पीएचपी में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	5	80 घंटे
16	नेटवर्क विशेषज्ञता (एनएस)	6	780 घंटे
17	बिजली आपूर्ति, इनवर्टर व यूपीएस की मरम्मत व रखरखाव	4	350 घंटे
18	कंप्यूटर अनुप्रयोगों लेखा व प्रकाशन में उन्नत डिप्लोमा	4	200 घंटे
19	अर्डिनों आधारित एम्बेडेड प्रणाली डिजाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	4	300 घंटे
20	कंप्यूटर हार्डवेयर रखरखाव (सीएचएम–ओ स्तर) पाठ्यक्रम में डिप्लोमा	4	400 घंटे
21	कंप्यूटर हार्डवेयर रखरखाव व नेटवर्किंग (सीएचएम–ए स्तर) पाठ्यक्रम में उन्नत डिप्लोमा	5	470 घंटे
22	प्रमाणित ग्राफिक डिजाइनर	5	80 घंटे
23	प्रमाणित ऑडियो विजुअल डिजाइनर	5	80 घंटे
24	प्रमाणित 2डी एनिमेटर	5	80 घंटे
25	प्रमाणित मल्टीमीडिया डेवेलपर	5	200 घंटे
26	मल्टीमीडिया व एनीमेशन प्रौद्योगिकी (ओ स्तर) में डिप्लोमा	5	720 घंटे
27	एलएएमपी का प्रयोग कर वेब अनुप्रयोगों के विकास में उन्नत पाठ्यक्रम	7	240 घंटे
28	प्रमाणित डेटा वैज्ञानिक	6	240 घंटे
29	पीएलसी/एससीएडीए/डीसीएस इंजीनियर–उन्नत डिप्लोमा	5	360 घंटे
30	एम्बेडेड प्रणाली डिजाइन में पीजी डिप्लोमा	6	840 घंटे
31	ईसीजी व आईसीसीयू उपकरणों की मरम्मत व रखरखाव	3	300 घंटे
32	इमेजिंग उपकरण (एक्स–रे व अल्ट्रा साउंड मशीन) की मरम्मत व रखरखाव	3	300 घंटे
33	दंत चिकित्सा उपकरणों की मरम्मत व रखरखाव	3	300 घंटे
34	इलेक्ट्रॉनिकी उत्पाद टेस्टिंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	3	360 घंटे
35	व्यक्तिगत कंप्यूटर की एसेम्बली व रखरखाव	3	240 घंटे
36	सौर–एलईडी प्रकाश उत्पाद (डिजाइन व विनिर्माण)	4	350 घंटे
37	घरेलू उपकरणों की स्थापन मरम्मत व रखरखाव	4	350 घंटे

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	स्तर	अवधि
38	दूरसंचार तकनीशियन– पीसी हार्डवेयर व नेटवर्किंग	4	350 घंटे
39	फोटो कोपियर व प्रिन्टर स्थापन व रखरखाव	2	200 घंटे
40	ईएसएम–1 इलेक्ट्रॉनिकी उत्पाद तकनीशियन	4	360 घंटे
41	रोबोटिक कार्यक्रम व रखरखाव में प्रमाणपत्र	4	325 घंटे
42	ऑटोमेशन प्रौद्योगिकी– आधारभूत स्तर	4	240 घंटे
43	ईएसडी–1 इलेक्ट्रॉनिकी उत्पाद डिजाइन समर्थित इंजीनियर	5	432 घंटे
44	ईएसएम–2 इलेक्ट्रॉनिकी उत्पाद पर्यवेक्षक	5	442 घंटे
45	3डी स्कैनिंग व सीएनसी राऊटिंग इंजीनियर (स्तर–5)	5	400 घंटे
46	योगात्मक विनिर्माण/3डी प्रिंटिंग	5	400 घंटे
47	ऑटोमेशन प्रौद्योगिकी–उन्नत स्तर	5	515 घंटे
48	8 बिट माइक्रोकंट्रोलर का उपयोग कर एम्बेडेड प्रणाली डिजाइन	5	400 घंटे
49	वीएलएसआई डिजाइन, उपकरण व प्रौद्योगिकी में पोस्ट डिप्लोमा	5	400 घंटे
50	औद्योगिक उपकरण व ऑटोमेशन प्रणाली में मरम्मत व रखरखाव में डिप्लोमा	5	400 घंटे
51	अस्पताल के उपकरणों की मरम्मत व रखरखाव में पोस्ट डिप्लोमा	5	400 घंटे
52	औद्योगिक ऑटोमेशन प्रणाली डिजाइन में पीजी डिप्लोमा	8	840 घंटे
53	यूनिक्स का उपयोग कर प्रणाली प्रशासन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	6	80 घंटे
54	इलेक्ट्रॉनिकी उत्पाद डिजाइन केआर लिए ईएमआई व ईएमसी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	6	600 घंटे
55	सिस्टम वेरिलोग व यूवीएम पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	7	320 घंटे
56	प्रिंटेड सर्किट बोर्ड डिजाइन, विश्लेषण व विनिर्माण प्रौद्योगिकी पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	4	250 घंटे
57	जावा एंटरप्राइज़ एडिशन (जेईई) में उन्नत डिप्लोमा	6	420 घंटे
58	रिलाइबिलिटी में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	6	240 घंटे
59	नेट प्रौद्योगिकी में उन्नत डिप्लोमा	6	420 घंटे
60	साइबर फोरेंसिक में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	6	500 घंटे
61	वीएलएसआई डिजाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	5	80 घंटे
62	वीआईएसआई भौतिक डिजाइन इंजीनियर में उन्नत डिप्लोमा	7	480 घंटे
63	एम्बेडेड रियल टाइम सिस्टम में पीजी डिप्लोमा	8	840 घंटे
64	सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी में पीजी डिप्लोमा	8	840 घंटे
65	वीएलएसआई व एम्बेडेड हार्डवेयर डिजाइन में पीजी डिप्लोमा	8	840 घंटे
66	इलेक्ट्रॉनिकी प्रणाली डिजाइन व विनिर्माण में पीजी डिप्लोमा	8	840 घंटे
67	डाटा प्रविष्टि व ऑफिस ऑटोमेशन में पीजी डिप्लोमा	4	135 घंटे
68	क्लाउड कम्प्यूटिंग में पीजी डिप्लोमा	8	840 घंटे
69	एंडरोइड अनुप्रयोगों के विकास में उन्नत डिप्लोमा	6	420 घंटे
70	प्रमाणित क्लाउड कम्प्यूटिंग व वर्चुवलाइज़ेशन एक्सपर्ट	6	210 घंटे
71	मैटलेब का उपयोग कर डीएसपी में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	7	80 घंटे
72	एआरएम/कॉर्टेक्स माइक्रोकंट्रोलर का उपयोग कर एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	5	80 घंटे
73	बिगडेटा एनालिटिक्स में उन्नत डिप्लोमा	7	480 घंटे
74	सीआरईओ का उपयोग कर कैड में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	5	100 घंटे
75	लिनक्स का उपयोग कर सिस्टम प्रशासन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	5	80 घंटे

सहयोग एवं समझौता–ज्ञापनों के जरिए सहक्रिया

भविष्य का दृष्टिकोण तैयार के कारण कार्यकलापों का विस्तार तथा अग्रणी एजेंसियों के साथ सहक्रिया का सृजन हुआ है। जिन सहयोगों को विशुद्धतः गैर–अनन्य तथा गैर–वित्तीय आधार पर किया गया है उनमें 'दोनों के लिए लाभदायक' स्थिति का सृजन करने के प्रयासों से विशिष्ट प्रौद्योगिकी को अपनाने तथा नाइलिट के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए एक समर्थक फ्रेमवर्क प्राप्त हुआ है। कुछ प्रमुख सहयोग तथा सहमति–ज्ञापन नीचे दिए गए हैं:

गूगल इंक के साथ समझौता–ज्ञापनः नाइलिट ने प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दिनांक 19.05.2017 को गूगल इंक. यूएसए के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जिसका उद्देश्य, भारत में एंड्रॉइड ऐप विकास कौशल को बढ़ावा देना है।

डी–लिंक अकादमी के साथ समझौता–ज्ञापनः नाइलिट ने स्किलिंग श्रमशक्ति के क्षेत्र में सहयोग के लिए दिनांक 14.03.2018 को मैसर्स डी–लिंक (इंडिया) लिमिटेड के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू का उद्देश्य डी–लिंक प्रमाणित विशेषज्ञ (डीसीएस) पाठ्यक्रम में नाइलिट संकाय के प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डी–लिंक द्वारा नामित नाइलिट केंद्रों पर नेटवर्किंग प्रयोगशालाओं की स्थापना करना है। नाइलिट और डी–लिंक के बीच सहयोग से छात्रों, नौकरी के इच्छुक लोगों और पेशेवरों को लाभ होगा, जो नेटवर्किंग क्षेत्र में अपने ज्ञान और रोजगार में वृद्धि करना चाहते हैं।

मालाबार कैंसर केंद्र के साथ समझौता–ज्ञापन, थालासेरीः नाइलिट कालीकट ने मालाबार कैंसर केंद्र (एमसीसी) के साथ दिनांक 18.01.2018 को समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिससे, चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में अनुसंधान एवं विकास हो सके तथा कैंसर रोगियों को आईटी सॉफ्टवेयर के माध्यम से लाभ मिल सके।

शासकीय कॉलेज, सिक्किम के साथ समझौता–ज्ञापनः सिक्किम के सभी जिलों में आईटी साक्षरता के प्रयास के साथ, नाइलिट गंगटोक ने दिनांक 01.11.2017 को सिक्किम सरकार के उच्च शिक्षा निदेशालय, मानव संसाधन विकास विभाग (एचआरडीडी) के अंतर्गत नामची शासकीय कॉलेज के साथ एक समझौता किया।

मेकर विलेज, कोच्चि के साथ समझौता–ज्ञापनः नाइलिट कालीकट ने दिनांक 10.3.2018 को मेकर विलेज, कोच्चि, केरल, के साथ एक समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जो इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) और केरल सरकार की एक संयुक्त पहल है। इस समझौते का उद्देश्य, नाइलिट के वैज्ञानिकों/इंजीनियरों और मेकर विलेज, संबद्ध उद्योगों आदि के स्टार्ट–अप्स के बीच बातचीत को सुगम बनाना, सहयोग, संयुक्त/सहयोगी कौशल और प्रौद्योगिकी आधारित ईडीपी का संचालन करना, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी क्षेत्र और उद्यमियों के लाभ के लिए और प्रभावी उपयोग के लिए संसाधनों को साझा करना है।

अनुसंधान और अकादमिक सहयोग के लिए आईआईटी, मद्रास के साथ समझौता–ज्ञापनः नाइलिट कालीकट ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के साथ जैव–चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणालियों में अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य दोनों संस्थानो में उपलब्ध स्रोतों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से विशेषीकृत इलेक्ट्रॉनिक्स डोमेन जैसे जैव चिकित्सा हार्डवेयर, चिकित्सा अल्ट्रा साउंड इमेजिंग आदि क्षेत्रों में अनुसंधान एवं क्षमता निर्माण करना है।

डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (डीआईएटी), पुणे के साथ समझौता–ज्ञापनः नाइलिट कालीकट ने वीएलएसआई और एंबेडेड सिस्टम के पाठ्यक्रम में एम.टेक के संचालन के लिए दिनांक 21.04.2017 को डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (डीआईएटी), पुणे के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

सीएमआईए के साथ समझौता–ज्ञापनः नाइलिट औरंगाबाद और सीएमआईए के बीच एमएजीआईसी सुविधाओं में आच्छादन एवं गति देने हेतु सीएमआईए और नाइलिट दोनों द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार नाइलिट औरंगाबाद के अंडरग्रेजुएट, पोस्ट–ग्रेजुएट और पीएचडी प्रोजेक्ट्स के विद्यार्थियों से प्राप्त बिजनेस स्टार्टअप विचारों को अभिग्रहण करने की दिशा में दिनांक 16.09.2017 को समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के साथ समझौता–ज्ञापनः नाइलिट औरंगाबाद ने गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के साथ दिनाँक 01.03.2018 को समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जिससे, आईटी सिक्योरिटी एवं डिजिटल फोरेंसिक में संयुक्त रूप से पीजी डिप्लोमा शुरू किया जा सके।

वस्तु और सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) के साथ समझौता–ज्ञापनः नाइलिट ने जीएसटी पोर्टल पर नाइलिट पदाधिकारियों के समन्वय प्रशिक्षण पर संयुक्त प्रयास किए जाने हेतु दिनाँक 24.07.2017 को जीएसटीएन के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें विभिन्न नाइलिट केंद्रों के पदाधिकारियों को जीएसटी पोर्टल पर मास्टर ट्रेनर बनाए जाने हेतु प्रशिक्षित किया गया है जो अब, कर दाताओं को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग एवं वैश्विक प्रदर्शनियाँ

नाइलिट के क्षमता निर्माण संबंधी कार्यकलापों के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर द्विपक्षीय बैठकों में सक्रिय सहभागिता तथा औद्योगिक दौरों के जरिए प्रकाश डाला गया और इसके परिणामस्वरूप पूरे विश्व के प्रतिष्ठित देशों में नाइलिट को अधिक महत्व प्राप्त हुआ है। इनमें से कुछ प्रयास नीचे दिए अनुसार हैं :

ताइवान में स्मार्टफ़ोन डिज़ाइन पर प्रशिक्षणः नाइलिट ने भारतीय सेलुलर एसोसिएशन (आईसीए) और मीडियाटेक इंडिया के साथ मिलकर ''मेक इन इंडिया'' भारत सरकार की पहल के अंतर्गत स्मार्टफ़ोन डिज़ाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम का संचालन किया है। इस कार्यक्रम के लिए, नाइलिट के 04 अधिकारियों ने दिनांक 12 मार्च, 2018 से 2 अप्रैल, 2018 के दौरान ताइवान में 3 सप्ताह के प्रशिक्षण–सत्र में भाग लिया।

जीसीसीएस 2017 में प्रतिभागः नाइलिट को एक पूर्ण सत्र के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसका शीर्षक 'डिजिटल टेक्नॉलॉजीः –''विशेष आवश्यकता वालों के लिए समर्थकारी'' था। साइबर स्पेस (जीसीसीएस) पर ग्लोबल कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम को दिनाँक 23–24 नवंबर, 2017 को एयरोसिटी, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था, जो विशेष रूप से विशेष आवश्यकता वालों के लिए समर्थकारी रूप में आईटी पर आधारित था। कार्यक्रम के दौरान, नाइलिट की प्रदर्शनी आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में विभिन्न कौशल विकास और क्षमता निर्माण के कार्यकलापों का भी प्रदर्शन किया गया था।

सिंगापुर में क्लाउड कम्प्यूटिंग पर प्रशिक्षणः नाइलिट ने मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण के लिए अमेज़न के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे जिसमें, एडब्ल्यूएस (अमेज़ॅन वेब सर्विसेज) एजुकेट प्रोग्राम का उपयोग करके क्लाउड कंप्यूटिंग पर प्रशिक्षण दिया गया। एमओयू के अनुपालन में दिनाँक 10 अप्रैल, 2017 से 14 अप्रैल, 2017 तक नाइलिट के कुल 4 पदाधिकारियों ने सिंगापुर में एडब्ल्यूएस पर तीन दिवसीय गहन प्रशिक्षण में भाग लिया था।

उभरते और नवीन रुझानों पर सम्मेलनः नाइलिट, जम्मू ने दिनांक 19 फरवरी, 2018 को गवर्नमेंट कालेज़ ऑफ इंजीनियरिंग (जीसीईटी) तथा आईआईटी खड़गपुर के सहयोग से आयोजित 5 वें राष्ट्रीय सम्मेलन एवं इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी में उभरते और अभिनव रुझान (एनईईआईटीईटी) पर प्रदर्शनी में भाग लिया।

2017–18 के दौरान, नाइलिट परिसरों के भवन का निर्माण

दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लाभार्थ उन्हें आवासीय सुविधा सहित उत्कृष्ट मूलसंरचना उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने देश के विभिन्न भागों में स्थित नाइलिट केन्द्रों के स्थायी परिसरों की स्थापना का अनुमोदन प्रदान किया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नाइलिट केन्द्रों के अतिरिक्त, नाइलिट ने भी अपनी ही समेकित राशि से अपने द्वारका, नई दिल्ली स्थित मुख्यालय भवन का निर्माण पूर्ण करवाया। नए केन्द्रों ने दूरस्थ क्षेत्रों तक नाइलिट की पहुँच का विस्तार करने में सहायता की, जहाँ इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अच्छे प्रतिष्ठित अन्य संस्थान नहीं हैं। वर्ष 2017–18 के दौरान, निर्मित/निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की सूची, नीचे दिए अनुसार हैः

नाइलिट पटना – इस परियोजना को अक्टूबर, 2012 में अनुमोदित किया गया था और दिसंबर, 2014 में लागत में संशोधन किया गया था। भवन का उद्घाटन श्री रविशंकर प्रसाद, माननीय केंद्रीय मंत्री (ई एवं आईटी, वि एवं न्या) की गरिमामय उपस्थिति में श्री नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा आईईसीटी संबंधित कौशल विकास और क्षमता निर्माण गतिविधियों के लिए दिनाँक 26 फरवरी, 2018 को किया गया था। केंद्र ने जुलाई, 2018 से नए भवन में परिचालन शुरू किया है।

नाइलिट मुख्यालय द्वारका, नई दिल्ली में भवन – नाइलिट मुख्यालय को वर्ष 2002 में द्वारका, नई दिल्ली में भूमि आवंटित की गई थी और वर्ष 2007 में सीपीडब्ल्यूडी को निर्माण–कार्य सौंपा गया था। भवन का निर्माण–कार्य वर्ष 2015 में प्रारम्भ हुआ था। **'नाइलिट भवन', मुख्यालय के नए भवन का उद्‌घाटन माननीय केंद्रीय मंत्री श्री रवि शंकर प्रसाद, (ई एवं आईटी, वि एवं न्या) द्वारा दिनांक 06 मई, 2017** को किया गया था। यह उल्लेखनीय है कि, मई, 2015 में भवन का शिलान्यास किया गया था और इस प्रकार ''नाइलिट भवन'' का निर्माण 2 साल से भी कम समय में पूर्ण हुआ। नाइलिट मुख्यालय की गतिविधियां सितंबर, 2017 से भवन से संचालित हुईं हैं।

नाइलिट अगरतला – इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस परियोजना को मार्च, 2008 में अनुमोदित किया था किन्तु, जनवरी, 2013 में परियोजना की लागत में संशोधन किया गया। लागत में संशोधन के पश्चात निर्माण का कार्य आरम्भ किया गया तथा भवन तैयार हो गया है। केन्द्र ने नए भवन में अपना कार्य जनवरी, 2016 से शुरू किया है। भवन को आईईसीटी से संबंधित कौशल विकास तथा क्षमता निर्माण के कार्यकलापों के लिए माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री (इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा विधि एवं न्याय), श्री पीपी चौधरी ने दिनांक 26 अप्रैल, 2017 को राष्ट्र के नाम लोकार्पित किया।

नाइलिट कोलकाता – इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस परियोजना को फरवरी, 2009 में अनुमोदित किया था जिसका निर्माण–कार्य जुलाई, 2013 में ही आरम्भ किया जा सका। नाइलिट कोलकाता अक्तूबर, 2017 से इस भवन में कार्य कर रहा है। भवन अब राष्ट्र को लोकार्पण के लिए तैयार है।

केंद्रों में प्रयोगशालाएं

नाइलिट की प्रशिक्षण प्रणाली की क्षमता इसके अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे में निहित है। नाइलिट केंद्रों में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ है जिनके कारण नाइलिट संबंधित राज्यों में प्रतिष्ठित संस्थान है। आधुनिक उपकरणों से लैस होने से प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों के लिए एक वरदान के रूप में कार्य करती हैं जो उन्हें अपने विषयों को अधिक गहनता से अध्ययन करने में सहायता करती हैं। इसका उद्देश्य प्रशिक्षण के मध्यम से विद्यार्थियों को विषय की संकल्पना और व्यावहारिक समझ प्रदान करना है। नाइलिट केंद्रों में कुछ अत्याधुनिक स्थापित प्रयोगशालाएं है जोकि, नवीनतम प्रणाली और विकसित उपकरणों से लैस हैं, इस संबंध में संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः—

चिकित्सीय इलेक्ट्रॉनिकी आर एंड डी प्रयोगशाला : नाइलिट कोहिमा, अगरतला और शिलांग में अत्याधुनिक मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स आरएंडडी प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं ताकि, राज्यों के अस्पतालों को चिकित्सीय इलेक्ट्रॉनिकी उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव की सेवाएं प्रदान की जा सके। नाइलिट सरकारी और निजी अस्पतालों के पैरा–मेडिकल और मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण भी दे रहा है ताकि अस्पताल के खराब उपकरणों के कारण होने वाली समस्याओं को कम किया जा सके।

नाइलिट अगरतला

नाइलिट सिलचर

नाइलिट कोहिमा

नाइलिट कालीकट

पीएनडीटी प्रणाली के साथ स्वदेशी कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड स्कैनर : नाइलिट कालीकट प्रीनेटल डायग्नोस्टिक तकनीक (पीएनडीटी) कम्प्लायंस के साथ स्वदेशी कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड विकसित कर रहा है। भारत में अलक्ष्यपूर्ण कारणों से महिला भ्रूण का गर्भपात हो रहा है जिस कारण से, महिला जनसंख्या कम होती जा रही है और यह बहुत गंभीर सामाजिक असंतुलन का कारण है। इस मशीन का उपयोग कर पीएनडीटी प्रणाली रिपोर्ट उत्पन्न करेगा जिससे जाँचकर्ता अधिकारी कन्या भ्रूण हत्या के पैटर्न की जाँच कर सकते हैं। मशीन में विशिष्ट आईडी है और मशीन के किसी भी गतिविधि को इनबिल्ट जीपीएस सुविधा के साथ स्वचालित रूप से ट्रैक किया जा सकता है। मशीन स्कैनिंग के दौरान डॉक्टर और मरीज के आधार पहचान–पत्र पर आधारित प्रमाणीकरण का भी समर्थन करती है। परियोजना का विकास ग्रामीण भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वरदान सिद्ध होगा।



अल्ट्रासाउंड शोध प्रयोगशाला : नाइलिट कालीकट ने जटिल अल्ट्रासाउंड सिग्नल प्रोसेसिंग एल्गोरिदम को मान्य करते हुए मेसर्स वेरासोनिक्स यूएसए से अल्ट्रासाउंड अनुसंधान संयंत्र के साथ अल्ट्रासाउंड अनुसंधान प्रयोगशाला की स्थापना की है। इस अल्ट्रासाउंड अनुसंधान संयंत्र के साथ प्रयोगशाला में टेस्ट भी होता है जिसमें डाटा अधिग्रहण और इसके परीक्षण के लिए सभी सिस्टम बोर्डों के साथ बेंच अल्ट्रासाउंड रिसीवर और ट्रांसमीटर सिस्टम के लिए उपकरण भी है। परीक्षण सेट–अप में एएफई बोर्ड, उच्च वोल्टेज पर बिजली की आपूर्ति, टीजीसी बोर्ड पल्सर ईवीएम, पीएम बस ईवीएम आदि शामिल है। सेट–अप का उपयोग सेंसर से एंड–टू–एंड सिग्नल श्रृंखला को मान्य करने के लिए किया जा सकता है और

एलवीडीएस, पीसीआई आदि जैसे उच्च गति इंटरफेस का परीक्षण भी कर सकता है। सेट–अप टेस्ट पीसी आधारित जीयूआई का भी अलग–अलग बोर्डो के कॉन्फ़िगरेशन का समर्थन करता है।

एंबेडेड प्रणाली एवं आईओटी प्रयोगशाला : नाइलिट कालीकट में अत्याधुनिक एंबेडेड प्रणाली और आईओटी प्रयोगशाला है। प्रयोगशाला अच्छी तरह से विभिन्न प्रकार के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर टूल से लैस है जैसे माइक्रो–कंट्रोलर डेवलपमेंट बोर्ड, माइक्रोचिप, एनएक्सपी सेमीकंडक्टर, डीएसपी डेवलपमेंट बोर्ड, माइक्रो–कंट्रोलर बेस्ड ट्रेनर किट– अर्डिनों यूनोमेगा सीरीज़, ईएसपी 8266, ईएसपी–32, टीआई–एमएसपी–430 सीरीज़, इंटेल गैलीलियो, बीबीबी, रास्पबेरी पीआई आदि। प्रयोगशाला में सॉफ्टवेयर टूल्स और आईडीई जैसे डब्ल्यूआईएसई–51, डब्ल्यूआईएसई –196 (इन–हाउस विकसित), एआरएम– केल, एम पी लैब, एआरएम–डीएस–5, टीआई के सीसीएस, एनालॉग डिवाइसेस– दृश्यात्मक डीएसपी ++ आदि के सैट से युक्त है। इसी प्रकार से कमर्शियल आरटीओएस लाइसेंस–वीएक्स वर्क्स, आरटीलाइनेक्स और ओपन आरटीओएस–फ्री आरटीओएस, चिबिआरटीओएस, कोंटिकी, एमबेडओएस आदि भी उपलब्ध हैं।



नाइलिट गोरखपुर

3डी प्रिंटिंग प्रयोगशाला : नाइलिट गोरखपुर में 3डी प्रिंटिंग प्रयोगशाला के साथ 3डी प्रिंटर मशीन, 3डी स्कैनर और क्रेओ 3.0 डिजाइन सॉफ्टवेयर उपकरण उपलब्ध हैं। 3डी प्रिंटर मशीन का उपयोग तेजी से प्रोटोटाइप के लिए किया जाता है जबकि 3डी डिजाइनिंग और रिवर्स इंजीनियरिंग के लिए 3डी स्कैनर और क्रीओ टूल का उपयोग किया जाता है।





रोबोटिक्स और आईओटी प्रयोगशाला: रोबोटिक्स और आईओटी प्रयोगशाला अच्छी तरह से विभिन्न सॉफ्टवेयर टूल्स जैसेकि प्रोटियस, ऑरकार्ड, मैटलेब के साथ सिमुलिंक और मॉडलिम से लैस है। प्रयोगशाला एआरएम कॉर्टेक्स ट्रेनर किट, एआरएम ट्रेनर किट, एआरएम 7 ट्रेनर किट जैसे हार्डवेयर टूल्स, पीआईसी माइक्रोकंट्रोलर आधारित ट्रेनर किट, एवीआर सीरीज माइक्रो–कंट्रोलर मूल्यांकन बोर्ड आदि से लैस है।

नाइलिट कोहिमा

साइबर फोरेंसिक अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला: नागालैंड में अपनी तरह का पहला अत्याधुनिक साइबर फोरेंसिक अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला और प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने वाला नाइलिट कोहिमा कानून प्रवर्तन एजेंसियों को प्रशिक्षण और फोरेंसिक विश्लेषण सेवाएं प्रदान करके उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करता है। अब तक 404 कानून प्रवर्तन एजेंसियों को डिजिटल फोरेंसिक और आईटी अधिनियम में प्रशिक्षित किया गया है। अब तक फॉरेंसिक लैब को भेजे गए 80 साइबर अपराध से जुड़े मामले सुलझ चुके हैं। मामले के विवरण, स्थिति, प्रकार और प्रदर्शनियों की संख्या, आईओ विवरण आदि जैसे मामलों के प्रबंधन के लिए साइबर क्राइम केस मैनेजमेंट सिस्टम भी विकसित और स्थापित किया गया है।

नाइलिट पटना

ऑरकार्ड प्रयोगशाला: ऑरकार्ड प्रयोगशाला पीसीबी डिजाइन और परीक्षा के लिए है जो योजनाबद्ध प्रबंधक (कैप्चर), एनालॉग/मिक्स्ड–सिग्नल सर्किट सिम्युलेटर (पीएसपीक) और एक पीसीबी बोर्ड लेआउट व्यवस्था (पीसीबी डिज़ाइनर प्रोफेशनल) सम्मिलित करती है।

इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला : इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला वर्तमान औद्योगिक व्यवहारिकताओं के अनुसार इलेक्ट्रॉनिकी हार्डवेयर और उत्पादन के क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित की गई है। नवीनतम उपकरण और सुविधाएं विभिन्न उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के सर्किट डिजाइनिंग, परीक्षण, मरम्मत और रखरखाव के लिए उपलब्ध हैं।

नाइलिट गुवाहाटी

एंटी–स्पैम समन्वय केंद्र : एंटी–स्पैम सुविधा को स्पैम मेल के संदर्भ में सूचना के संग्रह, विश्लेषण और विनिमय के लिए फ्रेमवर्क के साथ स्थापित किया गया है। इस उद्देश्य के लिए रिले मेल सर्वरों का अनुकरण करने वाले स्पैम–बॉट स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार के मेल की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए एकत्र किए गए स्पैम मेल का विश्लेषण किया जाता है और श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है जोकि विश्लेषण के आधार पर, अंतरराष्ट्रीय व्यवहारिकताओं के अनुसार साझा करने योग्य डेटाबेस तैयार किया गया है।

नाइलिट अगरतला

सूचना और एनडब्ल्यू सुरक्षा प्रयोगशाला : नाइलिट अगरतला में सूचना सुरक्षा और सिस्को प्रयोगशाला की एक उत्तम सुसज्जित बुनियादी व्यवस्था है। प्रयोगशाला उच्च अंत एचपी ब्लेड सर्वर, सिस्को 2960 एल3 प्रबंधित स्विच, सिस्को राउटर 1940 सीरीज, एएसए 5506 सर्वर, सर्वर रैक, एनएएस, एनकम्प्यूटिंग अवसंरचना, वीसेंटर के साथ वीएमवेयर वर्चुअलाइजेशन सर्वर, लाइसेंस प्राप्त माइक्रोसॉफ्ट सर्वर, लैपटॉप के साथ पोर्टेबल वर्चुअल प्रशिक्षण पर्यावरण सर्वर से युक्त है।

नाइलिट औरंगाबाद

सीएडी / सीएएम लैब : सीएडी / सीएएम प्रयोगशाला नवीनतम मशीनों से युक्त है और वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फ्लैगशिप सीएडी / सीएएम सॉफ्टवेयर पैकेज और उच्च अंत सीएडी / सीएएम वर्कस्टेशन हैं। प्रयोगशाला का उद्देश्य सीएनसी मशीनों, सीएडी पैकेजों के संचालन में शामिल इंजीनियरों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाना है और उन लोगों के लिए जो इस क्षेत्र में दूसरों को प्रशिक्षण प्रदान करना चाहते हैं। यह सीएडी / सीएएम और सीएनसी मशीनों, 3डी प्रिंटिंग, रिवर्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्रियल रोबोट्स के क्षेत्र में एक्सपोजर और ऑन–हैंड अनुभव प्रदान करता है।

नाइलिट इम्फ़ाल

मैकेनिकल वर्कशॉप : नाइलिट इम्फाल में मैकेनिकल वर्कशॉप के लिए उत्तम सुसज्जित बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। कार्यशाला विभिन्न मशीनों जैसेकि लाथे, मिलिंग मशीन, रेडियल ड्रिलिंग मशीन, हाइड्रोलिक शीट मेटल बेंडिंग मशीन, वेल्डिंग मशीन आदि से

सुसज्जित है। डिप्लोमा इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त, नाइलिट इम्फाल ने कारीगरों के लिए पीतल और एल्यूमीनियम की छोटी टर्निंग मशीनों का डिजाइन और निर्माण किया है। केंद्र ने उद्यमियों और लघु उद्योगों की मांग के अनुसार धातु के बाड़ों का डिजाइन और निर्माण भी किया है। सांचें और डाइस इत्यादि का निर्माण और मरम्मत भी की जाती है। केंद्र ने स्थानीय उद्योगों की मौजूदा मशीनों को डिजाइन और विकसित करने के लिए स्थानीय उद्योगों के साथ एक समझौता– ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

डिजिटल साक्षरता

भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए 'डिजिटल इंडिया' अभियान के अंतर्गत सुनिश्चित करना है कि सरकार की सेवाओं को इलेक्ट्रॉनिकी रूप से ऑनलाइन बुनियादी ढांचे में सुधार करके और इंटरनेट कनेक्टिविटी को बढ़ाकर या प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश को डिजिटल रूप से सशक्त बनाकर नागरिकों को उपलब्ध कराया जाता है। डिजिटल साक्षरता से तात्पर्य विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे कि स्मार्ट फोन, लैपटॉप, डेस्कटॉप आदि के माध्यम से स्पष्ट जानकारी को खोजने, मूल्यांकन, उत्पादन और संचार करने की किसी व्यक्ति की क्षमता से है। डिजिटल साक्षरता लोगों को उनकी दैनिक दिनचर्या के पूरक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और अधिक उत्पादक बनने में सहायता करती है।



इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एचआरडी शाखा के रूप में नाइलिट अपने आईटी साक्षरता पाठ्यक्रमों के माध्यम से डिजिटल डिवाइड के बीच दूरियों को कम करने का प्रयास कर रहा है, जिससे युवाओं विशेषकर समाज के वंचित वर्ग के लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके। नाइलिट में डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों की एक श्रृंखला है, अर्थात् कंप्यूटर अवधारणाओं में जागरूकता (एसीसी–20 घंटे), बेसिक कम्प्यूटर कोर्स (बीसीसी–36 घंटे), कोर्स ऑन कंप्यूटर कॉन्सेप्ट (सीसीसी– 80 घंटे), कोर्स ऑन कंप्यूटर कॉन्सेप्ट प्लस (सीसीसी प्लस–126 घंटे), विशेषज्ञ कंप्यूटर कोर्स (ईसीसी– 200 घंटे) जो देश में डिजिटल साक्षरता के प्रभावी प्रसार के लिए अनुशंसित हैं और कई राज्य सरकारों ने भी इन पाठ्यक्रमों को रोजगार/पदोन्नति/वेतन वृद्धि के उद्देश्यों के लिए मान्यता दी है। **नाइलिट के डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों को वित्तीय समावेशन (वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित) पर लगभग 1.5 घंटे के मॉड्यूल के साथ बाद में सम्मिलित किया गया है।**

नाइलिट के डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रम, विशेष रूप से बीसीसी/सीसीसी को विभिन्न राज्य सरकारों/सरकारी विभागों जैसे कि अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चण्डीगढ़, दमन एवं दीव, गुजरात, महाराष्ट्र, मिज़ोरम, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, सीजीए का कार्यालय, डीजीईएण्टी आदि द्वारा भर्ती/सेवाकालीन पदोन्नतियों/प्रोत्साहन आदि के लिए स्वीकार किया जाता है।

24x7 अधिगम की सुविधा प्रदान करने के लिए, सीसीसी की पाठ–सामग्री 25 भाषाओं में तैयार की गई है तथा नाइलिट की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। जहाँ तक क्लासरूम प्रशिक्षण का संबंध है, इस पाठ्यक्रम को पूरे देश में 8770+ से ज्यादा सुविधा केन्द्रों द्वारा चलाया जाता है। इसके अलावा, पाठ्यक्रम के लिए प्रतिमाह परीक्षा चक्र का आयोजन पूरे देश में 150 से ज्यादा परीक्षा केन्द्रों द्वारा किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम को पूरी तरह से ऑनलाइन प्रणाली द्वारा शासित किया जाता है अर्थात परीक्षा के लिए विद्यार्थियों का पंजीकरण, परीक्षा शुल्क की प्राप्ति, परीक्षा का आयोजन, परिणामों की घोषणा तथा डिजिटल रूप में हस्ताक्षरित ई–प्रमाण पत्र जारी किया जाना। औसतन 60,000 से ज्यादा विद्यार्थी डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों की मासिक आधार पर आयोजित की जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा चक्रो में बैठते हैं।

वर्ष 2017–18 के दौरान, विशेष उपलब्धियां

- नाइलिट उत्तर–पूर्व राज्यों के राज्य सरकारी कार्मिकों के लिए ''आईटी और डिजिटल सेवाओं (डिजिटल भुगतान और जीएसटी सहित) में क्षमता निर्माण'' नामक एक परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। इस संबंध में, **पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडोनर)** ने उत्तर पूर्व राज्य सरकार के 10000 पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए रु.6,83,70,000/– की मंजूरी दी है। जिनमें से रु.3,41,85,000/– पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इसका उद्देश्य उत्तर पूर्व क्षेत्र के राज्य सरकारी कार्मिकों

को विशेष रूप से शासकीय कार्य में डिजिटल कौशल जैसे डिजिटल साक्षरता, डिजिटल भुगतान, ई–गवर्नेंस सेवाएं और जीएसटी प्रशिक्षण व आईटी के नियमित उपयोग में सुविधा तथा जीवन में डिजिटल सेवाएँ प्रदान करके उनके आईटी कौशल

में वृद्धि करना है। दिनांक 31 मार्च, 2018 तक, कुल 1663 राज्य सरकारी कार्मिकों को सभी आठ (08) भाग लेने वाले उत्तर पूर्वी राज्यों में प्रशिक्षित किया गया है।

- दिनांक 26 जून, 2017 को नाइलिट भवन, नई दिल्ली में प्रशासनिक और वित्तीय मामलों में जागरूकता सृजन करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विभिन्न नाइलिट केंद्रों के प्रशासन व वित्त स्कंध के लगभग 30 पदाधिकारियों ने भाग लिया।

- आईसी का डिजाइन/ निर्माण करने और अनुप्रयोग के निर्माण में उसी का उपयोग करने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के चिप से सिस्टम डिज़ाइन C2SD परियोजना के अंतर्गत, नाइलिट कालीकट ने सेमी–कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) मोहाली में टेप–आउट ऑफ़ अर्रे सिग्नल प्रोसेसर को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। चिप के अन्य 3 माह में परीक्षण के लिए उपलब्ध होने की आशा की जाती है।

- ई–यन्त्र पर प्रशिक्षण में भाग लेने और रोबोटिक्स लैब स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए, नाइलिट गोरखपुर ने ई–यन्त्र प्रयोशाला की स्थापना की पहल (ई–एलएसआई) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रयोगशाला स्थापित की है। 2 सप्ताह, 4 सप्ताह और 6 सप्ताह की अवधि के साथ "रोबोटिक्स" पर विभिन्न अल्पकालिक पाठ्यक्रम, नाइलिट गोरखपुर में शुरू किए गए थे।

- नाइलिट श्रीनगर ने भारतीय सेना के **ऑपरेशन सद्भावना** के अंतर्गत स्थानीय युवाओं के लिए 19 फरवरी से 10 मार्च, 2018 तक कंप्यूटर हार्डवेयर, मरम्मत और सेवाओं पर एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस पुनर्निर्माण पहल ने स्थानीय युवाओं के सामाजिक–आर्थिक जीवन को बेहतर बनाने में सहायता करने हेतु हाथ बढ़ाया।

- नाइलिट पटना बिहार राज्य के 12 जिलों में बेसिक कंप्यूटर साक्षरता और स्मार्ट फोन के उपयोग 'पर बिहार ग्राम पंचायत के 3104 निर्वाचित पीआरआई सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए एक परियोजना को लागू कर रहा है।

- साइबर अपराध मामले प्रबंधन प्रणाली वेब आधारित साइबर अपराध मामले प्रबंधन प्रणाली को श्री राजीव कुमार, तत्कालीन महानिदेशक, नाइलिट ने नाइलिट कोहिमा में 12 अक्टूबर, 2017 को प्रारम्भ किया ताकि मामले की रिपोर्ट को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से व्यवस्थित और प्रबंधित किया जा सके।

- नाइलिट केंद्र, दिल्ली ने दिल्ली के संवाद और विकास आयोग (डीडीसी) के लिए द्विभाषी वेबसाइट का डिजाइन और विकास किया है जो, दिल्ली सरकार की दिल्ली सरकार और जनता के बीच एक स्वच्छ, हरित, सुरक्षित और भ्रष्टाचार मुक्त शहर बनाने की ओर एक पहल है।

- नाइलिट दिल्ली ने 15 से 17 जनवरी, 2018 को नेशनल एकेडमी ऑफ ब्रॉडकास्टिंग एंड मल्टीमीडिया (एनएबीएम), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार में ''क्लाउड बेस्ड कंटेंट मैनेजमेंट एंड डिस्ट्रीब्यूशन'' पर 3 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में भूटान, नेपाल, श्रीलंका, मलेशिया, वियतनाम, अफगानिस्तान, म्यांमार आदि पड़ोसी देशों के ब्रॉडकास्ट इंजीनियर्स ने भाग लिया।

- नाइलिट केंद्र शिमला ने हिमाचल प्रदेश के महिला और बाल विकास विभाग के सहयोग से 03 अप्रैल से 05 मई, 2017 के दौरान 15 स्थानों पर बाल आश्रम के बच्चों के लिए कार्यालय स्वचालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम कार्यालय स्वचालन कौशल, हार्डवेयर और नेटवर्किंग पर आधारभूत ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से था, जिसके द्वारा बाल आश्रम के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

- नाइलिट औरंगाबाद परिसर में नेटवर्किंग और कई अन्य सुविधाओं से लैस 32 कमरों वाले बॉयज हॉस्टल का उद्घाटन 18 सितंबर, 2017 को नाइलिट के तत्कालीन महानिदेशक, श्री राजीव कुमार द्वारा किया गया। नाइलिट औरंगाबाद में क्रिकेट ग्राउंड और एक महिला क्लब का भी उद्घाटन किया गया।

- सिस्को नेटवर्किंग में एक साल की सक्रिय भागीदारी और सेवा के लिए नाइलिट अगरतला को सीआईएससीओ नेटवर्किंग अकादमी द्वारा "अकादमी वर्ष सेवा 2017" से सम्मानित किया गया है।

- मध्य प्रदेश सरकार ने नाइलिट 'ओ' स्तर की अर्हता को मध्य प्रदेश सचिवालय सेवा भर्ती नियम, 1976 में नियोजन के लिए अनिवार्य पाठ्यक्रमों में से एक, इस पर विचार किया है।

- मणिपुर राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं की क्षमता का निर्माण करने के लिए, नाइलिट केंद्र इंफाल मोबाइल अध्ययन केंद्र स्थापित करके प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। क्षेत्र के लिए मोबाइल अध्ययन केंद्र अत्यंत लाभदायक हैं चूंकि, युवा अपने निवास स्थान से सुदूर की यात्रा की आवश्यकता के बिना कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

- ई–अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना चरण–I की सफलता के आधार पर, परियोजना के चरण–II में नाइलिट कोलकाता को 19 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 3200 सरकारी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लक्ष्य के साथ कार्य सौंपा है, जो पहले चरण में सम्मिलित नहीं था। परियोजना के चरण–II के अंतर्गत आने वाले राज्य हैं– आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा/पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड।

- नाइलिट चंडीगढ़, एंबेडेड सिस्टम डिजाइन एवं प्रमाणित सिमुलेशन के लिए लैबसेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड–यूनाइटेड किंगडम द्वारा भारत में पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बन गया है।

- इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय ने अपने दिनांक 19.01.2016 के आदेशानुसार ग्रुप– क (वै. व तक) अधिकारियों के लिए नई पदोन्नति नीति को अपनाया। 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च, 2018 के दौरान, नाइलिट मुख्यालय में समूह 'क' में 41 अधिकारी एवं समूह 'ख' में 26 अधिकारी पदोन्नत किए गए।

- नाइलिट ने एससी/ एसटी/ पीएच/ महिला अभ्यर्थियों के लिए नाइलिट की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ओ / ए /बी /सी स्तर के आईटी पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर अपने संसाधनों से 483 अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति जारी की है। छात्रवृत्ति का भुगतान आधार पर आधारित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) द्वारा किया जा रहा है।

- वर्ष 2017–18 के दौरान, पीएमकेवीवाई के अंतर्गत नाइलिट सेनापति विस्तार केंद्र के 08 प्रमाणित विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया, जिन्होने, एसएसआई इकाई की स्थापना की है और ''सेनापति एलईडी'' नामक एलईडी बल्बों की असेंबली,

मरम्मत और मार्केटिंग शुरू की है। संबंधित विद्यार्थियों ने माननीय राज्य मंत्री, एमईआईटीवाई और मुख्यमंत्री, मणिपुर को बल्ब भी भेंट किए।

- नाइलिट ने आईईसीटी के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और कौशल वृद्धि के लिए विविध कदम उठाए हैं। नाइलिट की कई नई गतिविधियों और पहल से, वर्ष 2017–18 में सराहनीय भौतिक विकास हुआ है।



कुछ उल्लेखनीय परियोजनाएँ

भौगोलिक वितरण	परियोजना का नाम व इसका विवरण	कुल परिव्यय
केरल	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 1(5)/2015-ME&HI दिनांक 28.09.2015 के जरिए पीएनडीटी के अनुपालन सहित स्वदेशी रंगीन डॉप्लर अल्ट्रासाउण्ड स्कैनर"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट कालीकट द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य पीएनडीटी के अनुपालन सहित स्वदेशी रंगीन डॉप्लर अल्ट्रासाउण्ड स्कैनर का डिजाइन एवं विकास करना है।	₹ 243.56 लाख
महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 1(12)/2011&HRD दिनांक 1.5.2012 के जरिए इलेक्ट्रॉनिकी उत्पाद डिजाइन तथा उत्पादन प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट औरंगाबाद तथा चेन्नै द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य इस प्रकार हैं : • सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर, तथा शोध प्रोफेशनल सहित विभिन्न स्तरों पर सक्षमता के उपयुक्त स्तर सहित मानव संसाधन का विकास करना। • विशेषज्ञता के चुनिन्दा क्षेत्रों में अल्पावधि/दीर्घावधि माडुलर अनौपचारिक पाठ्यक्रम शुरू करना। • भारतीय उद्योगों में कार्यरत प्रोफेशनलों की सक्षमता का दर्जा बढ़ाना। • इस क्षेत्र में अप्रचलन की उच्च दर के कारण तकनीकी संस्थानों के शिक्षकों के ज्ञान तथा कौशल का दर्जा बढ़ाना। • रोजगार तथा स्व–रोजगार से जुड़े कम कीमत वाले शिक्षण/प्रशिक्षण का डिजाइन एवं संचालन करना–उद्यमकर्ता विकास। • ग्रामीण/अविकसित क्षेत्रों के विकास के उद्देश्य से कम कीमत वाली इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना। • भारतीय उद्योग को डिजाइन परामर्श–सेवा, अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के उत्पाद विकास एवं तकनीकी समर्थन सेवाएँ उपलब्ध कराना।	₹ 2610 लाख
असम तथा मणिपुर	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 12(3)/2016–ESD दिनांक 22.3.2016 के जरिए स्पैम–निरोधी समन्वय केन्द्र की स्थापना"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट इम्फाल तथा गुवाहाटी द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य एक स्पैम–निरोधी सुविधा की स्थापना करना तथा स्पैम मेल के बारे में सूचना के संग्रहण, विश्लेषण तथा विनिमय के लिए एक फ्रेमवर्क का विकास करना है। इस प्रयोजन से, वितरित स्पैम–बॉट्स एमुलेटिंग मुक्त रिले सर्वरों की स्थापना की जाएगी। संग्रहीत स्पैम मेलों का विश्लेषण इस तथ्य का पता लगाने के लिए किया जाएगा कि ऐसे मेल कहाँ से उत्पन्न हुए हैं तथा उनका वर्गीकरण श्रेणियों में किया जाएगा। विश्लेषण के आधार पर, अन्तर्राष्ट्रीय पद्धतियों के अनुसार एक साझा योग्य डेटाबेस तथा रिपोर्ट तैयार की जाएगी और सर्ट–इन सहित सभी पणधारियों को दी जाएगी।	₹ 135.00 लाख
केरल	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. L–14016/7/2014–HRD दिनांक 4.7.2014 के जरिए केरल के अनुसूचित जनजाति के लिए कम कीमत वाली अभिगम युक्तियों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी कौशल तथा ई–समावेशन"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट कालीकट द्वारा अमृता विश्व पीठम, कोल्लम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य नाइलिट द्वारा अनुसूचित जनजाति जनसंख्या के योग्य विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण तथा प्रमाण–पत्र प्रदान करना है जिससे सरकारी तथा निजी क्षेत्र में उनकी रोजगार योग्यता में वृद्धि हो सके। अमृता का उद्देश्य सामाजिक जागरूकता के लिए प्रभावी अधिगम का एक मॉडल तथा कार्यपद्धति तैयार करना और मलयालम में एसीसी प्रशिक्षण तथा जनजाति के गाँवों में प्रायोगिक परियोजना करना है जहाँ कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है।	₹ 132.47 लाख

भौगोलिक वितरण	परियोजना का नाम व् इसका विवरण	कुल परिव्यय
नागालैण्ड	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. L-14016/10/2016/HRD दिनांक 22.09.2016 के जरिए नागालैण्ड के चार पिछड़े जिलों के वंचित (अ.ज.जा) युवाओं तथा महिलाओं का आईसीटी कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्तिकरण"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट कोहिमा द्वारा एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से निम्नलिखित उद्देश्य से किया जा रहा है: • नागालैण्ड में नागालैण्ड की पिछड़ी जनजाति (अनुसूचित जनजाति) के लक्षित महत्वपूर्ण समूहों के जीवन स्तर में समग्र उन्नति करना। • विद्यालय के युवाओं तथा महिलाओं को तकनीकी कुशलता से सुसज्जित करना, और इस प्रकार युवाओं को कम्प्यूटर उपलब्ध कराने तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कौशल में अभिवृद्धि करने के जरिए रोजगार के अवसरों का विस्तार करना। • अन्तराल को दूर करना, अर्थात तेजी से बदलते विश्व में प्रौद्योगिकी में बदलाव के कारण अत्यन्त आवश्यक विशेष कम्प्यूटर शिक्षण तथा प्रशिक्षण उपलब्ध कराना जिससे वे वर्तमान विश्व के परिवर्तनों का मुकाबला कर सकें। • लक्षित समूह को वर्तमान समय की प्रौद्योगिकी में बराबरी के स्तर पर तथा सक्रिय रूप में भागीदारी करने में सहायता करके एक प्रौद्योगिकी साक्षर समाज का विकास करना जिसमें उन्हें बेहतर जानकारी होगी तथा सहज रूप में संव्यवहार करने की शक्तियाँ प्राप्त होंगी।	₹ 111.56 लाख
मेघालय	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 1(4)/2014-ME&HI दिनांक 17.7.2014 के जरिए चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला की स्थापना"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट शिलांग द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य मेघालय के विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी उपकरणों का परीक्षण, अंशांकन, मरम्मत तथा अनुरक्षण करने के लिए नाइलिट शिलांग में चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला की स्थापना करना तथा 3 वर्षों में 75 विद्यार्थियों की भर्ती की क्षमता से चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी उपकरण अनुरक्षण पर पाठ्यक्रम चलाना है।	₹ 122.00 लाख
नागालैण्ड	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 1(9)/2014-ME&HI दिनांक 2.12.2014 के जरिए चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला की स्थापना"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट कोहिमा द्वारा एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य नागालैण्ड के विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी उपकरणों की मरम्मत तथा अनुरक्षण करने के लिए चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला की स्थापना करना और साथ ही नागालैण्ड के विभिन्न सरकारी तथा निजी अस्पतालों के पराचिकित्सकीय एवं चिकित्सकीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना है।	₹ 107.00 लाख
नागालैण्ड	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 12(13)/2014-ESD दिनांक 4.12.2014 के जरिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के उन्नत प्रशिक्षण के लिए साइबर फोरेन्सिक प्रयोगशाला में अभिवृद्धि जिससे वे उदीयमान साइबर अपराधों का मुकाबला कर सकें तथा पूर्वोत्तर राज्यों में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में युवाओं का क्षमता निर्माण"** इसपरियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट इम्फाल द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को नए उभरते साइबर खतरों और उनकी समुचित पड़ताल में उन्नत फोरेन्सिक प्रशिक्षण प्रदान करना है जिससे पूर्वोत्तर राज्यों में बढ़ते साइबर अपराधों को कम किया जा सके तथा पूर्वोत्तर राज्यों के युवाओं को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण प्रदान करना तथा कम्प्यूटर फोरेन्सिक एवं साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला में विजुअलाइजेशन प्रौद्योगिकी का कार्यान्वयन करना है।	₹ 152.00 लाख

भौगोलिक वितरण	परियोजना का नाम व् इसका विवरण	कुल परिव्यय
असम, झारखंड, ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गोवा तथा पडुचेरी	**''प्रशासनिक अनुमोदन सं. 7(4)/2015–ईएमसीडी दिनांक 19.04.2016 के जरिए "ई–कचरा प्रबंधन पर सरकारी पदाधिकारियों का क्षमता निर्माण"** एमईआईटीवाई ने नाइलिट को यह अनिवार्य किया है कि 10 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में ई–अपशिष्ट प्रबंधन पर 2000 सरकारी पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षित सरकारी पदाधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया था ताकि, उनके संबंधित विभागों में ई–कचरे का उचित प्रबंधन हो सके, जो पर्यावरण की रक्षा करेगा। नाइलिट ने दिये गए लक्ष्य से भी अधिक 2276 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित का लिया है।	₹ 143.64 लाख
औरंगाबाद, अजमेर, कालीकट, लखनऊ, चंडीगढ़, दिल्ली, इम्फ़ाल, जम्मू, कोलकाता, गुवाहाटी, कोहिमा, चेन्नै, इटानगर, रांची, व शिमला	रोजगार महानिदेशालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता से, नाइलिट ने रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत 2000 एससी/ एसटी जॉब सीकर के लिए नाइलिट आईटी– 'ओ' स्तर पाठ्यक्रम में निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया। इस कार्यक्रम में 1913 एससी/ एसटी जॉब सीकर नामांकित हुए।	₹ 690.00 लाख
औरंगाबाद, अजमेर, कालीकट, लखनऊ, चंडीगढ़, दिल्ली, इम्फ़ाल, जम्मू, कोलकाता, गुवाहाटी, कोहिमा, चेन्नै, इटानगर, रांची, व शिमला	रोजगार महानिदेशालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता से, नाइलिट ने रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत 1000 एससी/ एसटी जॉब सीकर के लिए नाइलिट सीएच एम– 'ओ' स्तर पाठ्यक्रम में निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया। इस कार्यक्रम में 975 एससी/ एसटी जॉब सीकर नामांकित हुए।	₹ 425.00 लाख
उत्तर पूर्व क्षेत्र के सात राज्य (असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड व सिक्किम)	**''प्रशासनिक अनुमोदन सं. एए सं. 1(2)/2012–एचआरडी दिनांक 30 .05.2012 के जरिए ''सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रौद्योगिकी (आई ई सीटी) में प्रशिक्षण/शिक्षा क्षमता को बढ़ाकर पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास''** माननीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित परियोजना को नाइलिट द्वारा एमईआईटीवाई से रु. 366.78 करोड़ की वित्तीय सहायता से कार्यान्वित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य पांच वर्ष की अवधि में आईईसीटी प्रशिक्षण/शिक्षा के क्षेत्र में क्षमता निर्माण करना है। परियोजना के अंतर्गत, उत्तर पूर्व के क्षेत्र के सभी 18 स्थानों पर अस्थायी निर्मित स्थल मणिपुर में (इम्फाल, सेनापति और चूराचंदपुर, मिजोरम में ऐजावल और लुंगलाई, नागालैंड में चुचिमलंग; मेघालय में शिलांग और तुरा; अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर; पासीघाट और तेजू; असम में गुवाहाटी, तेजपुर, कोकराझार, जोरहाट, डिब्रूगढ़ और सिलचर और सिक्किम में गंगटोक) में प्रशिक्षण गतिविधियां शुरू की गई हैं। 18 स्थानों में से, 14 स्थानों पर स्थायी परिसरों का निर्माण शुरू किया गया है। 04 स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है अर्थात् ईटानगर (राज्य सरकार द्वारा भूमि आवंटन पश्चात), तुरा, तेजू और सिलचर।	₹ 366.78 लाख

आय बनाम व्यय
एनपीआर परियोजना को छोड़कर



अतिशेष
एनपीआर को छोड़कर



वर्ष 2017–18 के लिए नाइलिट का कार्यकलापबद्ध राजस्व सृजन (एनपीआर को छोड़कर)

109.82	शुल्क/ अंशदान
109.18	परियोजनाओं से आय
105.19	बिक्री व सेवाओं से आय
17.70	अर्जित ब्याज
23.20	विविध आय
18.10	अनुदान और सब्सिडी
0.15	प्रकाशन की बिक्री से आय
0.13	टाउनशिप से प्राप्तियां
383.47	(रू.करोड़ में)

वर्ष 2017–18 के लिए नाइलिट के व्यय अंश का विवरण (एनपीआर को छोड़कर)

90.10	परियोजना पर व्यय
87.27	सेवाओं पर व्यय
101.50	स्थापन पर व्यय
53.81	अन्य प्रशासनिक व्यय
24.50	मूल्यह्रास
357.18	(रू.करोड़ में)



नाइलिट के केन्द्र

अगरतला

कार्यकारी समिति की बैठक(कें)
शून्य

कार्मिक
नियमितः 18
परियोजना आधारितः 28

कारोबार
677.25 लाख रुपये

प्रभारी निदेशक
श्री अनुराग माथुर

पता
नाइलिट अगरतला
आर.के. नगर (नीप्को के विपरीत)
खयरपुर, पीएस – बोधजंगनगर
अगरतला, पश्चिम त्रिपुरा –799008
त्रिपुरा

सम्पर्क के ब्यौरे
दूरभाषः 0381–2391010
फैक्सः 0381–2391220
वेबसाइटः www.nielit.gov.in/agartala

क्षेत्राधिकार राज्य
त्रिपुरा

अध्ययन केंद्र
- त्रिपुरा विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र
- खुमुलवंग अध्ययन केंद्र
- मनुघाट अध्ययन केंद्र
- कलाछारा अध्ययन केंद्र

केंद्र का इतिहासः

नाइलिट अगरतला केंद्र की प्रारंभिक प्रशिक्षण सुविधा (आईटीएफ) का दिनांक 10 फरवरी, 2009 को औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया। केंद्र के स्थायी परिसर का निर्माण 15 एकड़ जमीन पर किया गया है और यह 1 जनवरी, 2016 से परिचालन में है। परिसर में अकादमिक ब्लॉक (जी+3), प्रशासनिक ब्लॉक (जी+2), कार्यशाला, छात्रों का छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर और वाहन पार्किंग है।

उत्कृष्टता का क्षेत्रः

- सूचना सुरक्षा
- ई–लर्निंग और ई–गवर्नेंस
- सूचना, इलेक्ट्रॉनिकी और संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी)।
- मेडिकल इलेक्ट्रॉनिकी
- क्लाउड कंप्यूटिंग और ऐप विकास

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमः

अल्प अवधि पाठ्यक्रम

- डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रम– एसीसी, बीसीसी, सीसीसी, सीसीसी प्लस
- कार्यालय स्वचालन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, डेस्कटॉप प्रकाशन, सूचना सुरक्षा और साइबर कानून, कोर जावा, ओरेकल, एसक्यूएल व पीएल/एसक्यूएल, लिनक्स; अपाचे, एमवाईएसक्यूएल तथा पीएचपीय उन्नत वेब पीएचपी का उपयोग कर विकास, पीसी हार्डवेयर और नेटवर्किंग, मोबाइल मरम्मत और रखरखाव, 8051 माइक्रोकंट्रोलर का उपयोग कर एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन, सॉफ्ट स्किल व संचार अंग्रेजी, वित्तीय टैली का उपयोग कर लेखा, जीएसटी पर प्रशिक्षण, पुस्तकालय पर प्रशिक्षण स्वचालन प्रणाली, स्थापना नियमों पर प्रशिक्षण।
- कंप्यूटर एप्लीकेशन और एनडब्ल्यू शासन प्रबंध में डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा, चिकित्सा उपकरण की मरम्मत और रखरखाव, इमेजिंग उपकरण की मरम्मत और रखरखाव, ईसीजी और आईसीसीयू उपकरण की मरम्मत व रखरखाव,
- सिस्को नेटवर्क अकादमी कार्यक्रम, औद्योगिक प्रशिक्षण व कॉर्पोरेट प्रशिक्षण

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम

- बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए)
- कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा (डीसीएटी)
- इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (डीईटीई)
- नाइलिट 'ओ' स्तर • नाइलिट 'ए' स्तर • सीएचएम 'ओ' स्तर • सीएचएम 'ए' स्तर

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- श्री पीपी चौधरी, तत्कालीन माननीय राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा विधि एवं न्याय, भारत सरकार ने 26 अप्रैल, 2017 को नाइलिट अगरतला के स्थायी परिसर का उदघाटन किया। इस समारोह में तत्कालीन माननीय मंत्री श्री तपन चक्रवर्ती, सूचना प्रौद्योगिकी, स्कूल और उच्च शिक्षा भी उपस्थित हुए थे।
- वर्ष 2017–18 से, केंद्र ने प्रत्येक शाखा में 60 छात्रों की उपस्थिति वाली क्षमता के साथ एआईसीटीई अनुमोदित पाठ्यक्रम जैसे कंप्यूटर विज्ञान व प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग डिप्लोमा व इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग डिप्लोमा संचालित किए।
- त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्रों के स्कूल शिक्षक स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) के 275 सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए बीसीसी पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।
- केंद्र ने सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के लिए विद्यालय निरीक्षण के लिए एक वेब एप्लिकेशन, राज्य के लोक प्रशासन संस्थान के लिए प्रतिक्रिया नियंत्रण और निगरानी प्रणाली के लिए वेब एप्लिकेशन तथा बांस और केन विकास संस्थान, भारत सरकार हेतु बॉयोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली का विकास किया।
- नाइलिट अगरतला आईएसईए चरण–II परियोजना में भाग लेने वाला संस्थान है। आईएसईए–चरण–2 प्रयोगशाला की स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 284 सरकारी पदाधिकारियों और छात्रों/नागरिकों के प्रशिक्षण का संचालन किया गया है।
- नाइलिट अगरतला ने एमबीबी विश्वविद्यालय, त्रिपुरा सरकार के एलडीसी–सह–डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों के लिए कंप्यूटर टाइप टेस्ट (अंग्रेजी और बंगाली) का संचालन सफलतापूर्वक किया।
- केंद्र को एक वर्ष में सिस्को नेटवर्किंग में सक्रिय भागीदारी और सेवा के लिए सिस्को नेटवर्किंग अकादमी द्वारा "अकादमी वर्ष सेवा–2017" से सम्मानित किया गया है।
- केंद्र ने अपने केंद्र व अध्ययन केंद्रों पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा पश्चिम जिलाए गोमती जिला और खोवाई जिला में क्रमशः 838 और 624 प्रतिभागियों के लिए वस्तु व सेवाकर विषय पर डिजिटल भुगतान व कार्यशालाओं पर जागरूकता अभियान आयोजित किए।
- नाइलिट अगरतला ने त्रिपुरा के 61 सरकारी पदाधिकारियों के लिए "आईटी और डिजिटल सेवाओं में क्षमता निर्माण (डिजिटल भुगतान, जीएसटी और सॉफ्ट सहित) की परियोजना कौशल में डोनर मंत्रालय, भारत सरकार की प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित किया।
- केंद्र ने आईआईटी–गुवाहाटी व टीसीएस के सहयोग से गेट ऑनलाइन परीक्षा–2018 का सफलतापूर्वक संचालन किया।
- विभिन्न श्रेणियों के पाठ्यक्रमों जैसेः दीर्घकालिक, अल्पकालिक, औद्योगिक प्रशिक्षण इत्यादि के अंतर्गत 2373 अभ्यर्थी प्रशिक्षित हुए।

आइजॉल

कार्यकारी समिति की बैठक(कें)
शून्य

कार्मिक
नियमित : 21
परियोजना आधारित : 35

कारोबार
1232.94 लाख रु.

प्रभारी निदेशक
श्री एन. देबचन्द्र सिंह

पता
नाइलिट आइजॉल
औद्योगिक क्षेत्र
जुआंगतुई.
आइजॉल–796017
मिज़ोरम

सम्पर्क के ब्यौरे
फोन : 0389–2350581
ई–मेल: dir-aizawl@nielit.gov.in
वेबसाइट : www.nielit.gov.in/aizwal

क्षेत्राधिकार राज्य
मिज़ोरम

विस्तार केन्द्र
• लुंगलेई

केंद्र का इतिहास :

नाइलिट् आइजॉल को वर्ष 2001 में स्थापित किया गया था और यह सभी में 8वें स्थान पर है तथा केंद्र और उत्तर पूर्वी क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है। इसका उद्धेश्य आईईसीटी के क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए मिजोरम के युवाओं को सुविधा प्रदान करना है। नाइलिट् आइजॉल के प्रारंभ से, औपचारिक और अनौपचारिक पाठ्यक्रमों में 23,000 से अधिक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। विस्तार केंद्र पुकपुई, लुंगलेई भी 2013 में स्थापित किया गया था और लगभग 785 छात्रों से भी अधिक प्रशिक्षित किए गए हैं।

उत्कृष्टता का क्षेत्र :

- ☞ एमसीए, बीसीए, डीसीएसई और डीईटीई जैसेः दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान करना।
- ☞ सीसीसी, सीसीसी+टैली, एंड्रॉइड एप्लिकेशन जैसे अल्प अवधि पाठ्यक्रमों का विकास।
- ☞ ऑनलाइन और ऑफ़लाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करना।

चलाये जाने वाले पाठ्यक्रम:

अल्प अवधि पाठ्यक्रम

- कंप्यूटर अवधारणाओं पर पाठ्यक्रम (सीसीसी)
- जावा, सी/सी++/ सी # प्रोग्रामिंग
- नेट प्रौद्योगिकी में प्रोग्रामिंग
- टैली
- इंटरनेट और वेब डिजाइन
- साइबर सुरक्षा
- मल्टीमीडिया और एनीमेशन
- उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिकी की मरम्मत और रखरखाव
- चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी की मरम्मत और रखरखाव

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम

- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए)
- बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए)
- कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (डीसीएसई)
- इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (डीईटीई)
- 'ए' स्तर
- 'ओ' स्तर
- मैट 'ओ' स्तर

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- केंद्र ने डोनर मंत्रालय द्वारा प्रायोजित आईटी और डिजिटल सेवाओं (डिजिटल सहित भुगतान) में सरकारी कार्मिकों का प्रशिक्षण संचालित किया। प्रथम वर्षीय 239 के निर्धारित लक्ष्य में से कुल 196 सरकारी कार्मिकों को प्रशिक्षित किया।
- केंद्र ने 4 औपचारिक पाठ्यक्रम आयोजित किए जैसेकि एमसीए, बीसीए, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम और वर्ष के दौरान कुल 387 छात्रों को प्रशिक्षित किया।
- गैर–औपचारिक प्रशिक्षण के अंतर्गत, 194 विद्यार्थियों को नाइलिट 'ओ'/'ए'/मैट–'ओ' स्तर और अन्य अल्पकालिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया है।
- 210 विद्यार्थियों को मोबाइल मरम्मत, जावा, टैली आदि जैसे विभिन्न अल्पकालिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया था।
- वर्ष के दौरान, केंद्र ने अपने कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सीसीसी में कुल 14,513 एससी/एसटी विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया है।
- नाइलिट आइज़ोल ने कोलासिब, ख्वाज़वल और खौलाइलंग स्थित गांवों में अध्ययन केंद्र शुरू किए।
- नाइलिट आइजोल ने दिनांक 20 अप्रैल, 2018 को 'दृष्टिहीन जनों के लिए डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम' की शुरुआत की।
- केंद्र ने टीसीएस और सिफी के साथ सहयोग से यूपीएससी, आईबीपीएस, सीएमसी वेल्लोर, जेईई इत्यादि के लिए विभिन्न ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित कीं।
- नाइलिट आइजोल ने राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों (वन विभाग, मिजोरम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, मिजोरम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्कूल शिक्षा और सामाजिक कल्याण विभाग) आदि के लिए भर्ती परीक्षाओं का संचालन किया।
- एमसीए, बीसीए, डीईटीई और डीसीएसई उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए अभिनंदन कार्यक्रम दिनांक 31 अगस्त, 2017 को हॉला ऑडिटोरियम, आइजॉल में आयोजित किया गया।
- 'ई–अपशिष्ट प्रबंधन' पर 1 दिवसीय कार्यशाला नाइलिट आइजोल, डीआईईटी और प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान (एटीआई) में 100 सरकारी कार्मिकों के लिए आयोजित की गई।
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 365 और टेक्नोलॉजी पर 1 दिवसीय इन–हाउस प्रशिक्षण नाइलिट आइजोल में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा आयोजित किया गया था।

मिजोरम

अजमेर

कार्यकारी समिति की बैठक(कें)
शून्य

कार्मिक
नियमित : 4
परियोजना आधारित : 7

कारोबार
484.29 लाख रु.

कार्यकारी निदेशक
श्री महेंद्र मोहन शर्मा

पता
नाइलिट अजमेर
गाँव कोहड़ा, कोटा रोड
केकड़ी (अजमेर)–305404
राजस्थान

सम्पर्क के ब्यौरे
मोबाइल : 9166322201
ई–मेल : dir-ajmer@nielit.gov.in

क्षेत्राधिकार राज्य
राजस्थान और गुजरात

विस्तार केन्द्र
शून्य

केंद्र का इतिहास :

अजमेर केन्द्र ने अपने प्रशिक्षण कार्यकलाप सितम्बर, 2012 से केकड़ी में एक अस्थायी स्थान से आरम्भ किया। नाइलिट, अजमेर की स्थापना राजस्थान सरकार द्वारा उप सचिव (राजस्व) के (दिनांक 12–07–2010 के पत्र सं. P6(156) राज. 3/10 तथा दिनांक 13.09.10 के संशोधन) के जरिए ग्राम कोहड़ा, तहसील केकड़ी, जिला अजमेर में निःशुल्क रूप में आबंटित 42.54 एकड़ भूमि पर की गई है। नाइलिट अजमेर के परिसर का भवन निर्माण पूरा हो गया है और कार्यालय ने दिसम्बर, 2015 से नए परिसर से कार्य करना शुरू कर दिया है।

उत्कृष्टता का क्षेत्रः

- इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी में गैर–औपचारिक दीर्घ और लघु अवधि के पाठ्यक्रम।
- सीसीसी/बीसीसी/ईसीसी/सीसीसीपी परीक्षाओं का समन्वय।
- डीजीई और टी योजना के अंतर्गत रोजगार खोजने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण।
- ईएसडीएम योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण।

चलाये जाने वाले पाठ्यक्रमः

अल्प अवधि पाठ्यक्रम

- बेसिक कंप्यूटर कोर्स (बीसीसी)
- कंप्यूटर अवधारणाओं पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सीसीसी)
- पीएचपी / जावा में औद्योगिक प्रशिक्षण
- आईटीएस / बीपीओ
- वेब डिजाइन
- सी/सी++
- एंड्रॉयड
- पीसी असेंबली और रखरखाव
- पीसी हार्डवेयर और नेटवर्किंग।

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम

- 'ओ' स्तर सॉफ्टवेयर
- सीएचएम ओ स्तर हार्डवेयर
- 'ए' स्तर सॉफ्टवेयर

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- नाइलिट अजमेर ने डिजिटल भुगतान की विधियों पर गेल (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) के कर्मचारियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है। मई, 2017 के दौरान, प्रशिक्षण के तीन (03) बैचों का संचालन किया गया था।
- वर्ष 2017–2018 में, डिजिटल भुगतान पहल पर नाइलिट अजमेर ने 2800 से भी अधिक सूक्ष्म और मध्यम व्यापारियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है।
- केंद्र ने "राजस्थान और गुजरात राज्यों में, डिजिटल भुगतान पहल पर सूक्ष्म/मध्यम व्यापार व्यापारियों की क्षमता निर्माण पर परियोजना के अंतर्गत एक क्षेत्रीय कार्यशाला, तीन राज्य स्तरीय कार्यशाला और ग्यारह डिजिधन कैंप का आयोजन किया है। व्यापारी जिन्होंने कार्यशालाओं/शिविरों में भाग लिया, वे विभिन्न डिजिटल भुगतान विधियों के बारे जागरूक हुए व जिसका उपयोग सहज रूप से व्यापार करने में कर सकते हैं।
- केंद्र ने सीसीसी/ बीसीसी/ वीएलई/ डब्ल्यूडीएलपी/ आईआरडीए के पाठ्यक्रमों के 18,043 अभ्यर्थियों की परीक्षा के लिए समन्वय किया।
- नाइलिट अजमेर ने एससी/एसटी नौकरी खोजने वालों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जो रोजगार निदेशालय, श्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हैं 200 एससी/ एसटी रोज़गार खोजने वाले अभ्यर्थियों को 'ओ' स्तर (आईटी) में प्रशिक्षित किया गया था और अन्य सीएचएम 'ओ' स्तर में 100 एससी/ एसटी रोज़गार खोजने वाले अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया था।

औरंगाबाद

कार्यकारी समिति की बैठक(कें)
23वीं बैठक, 10 मार्च, 2018

कार्मिक
नियमित : 43
परियोजना आधारित : 02

कारोबार
1070.42 लाख रु.

कार्यकारी निदेशक
श्री संजीव कुमार गुप्ता

पता
नाइलिट, औरंगाबाद
सीईडीटीआई परिसर
डॉ. बीएएम विश्वविद्यालय परिसर
औरंगाबाद – 431004
(महाराष्ट्र)

सम्पर्क के ब्यौरे
फोन : 0230–2982050
ई–मेल : dir-aurangabad@nielit.gov.in

क्षेत्राधिकार राज्य
महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, दादरा एवं नगर हवेली

विस्तार केन्द्र
शून्य

केंद्र का इतिहास :

इलेक्ट्रॉनिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा मराठवाड़ा औद्योगिक निगम, महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर डॉ. बीएएम विश्वविद्यालय परिसर में सीईडीटी के नाम से यह केन्द्र 19 सितम्बर, 1986 को निम्नलिखित उद्देश्यों से स्थापित किया गया था।

- उत्पाद डिजाइन, विकास, विनिर्माण और रखरखाव के लिए मानवशक्ति को प्रशिक्षित करना।
- उद्योगों, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और शैक्षिक संस्थानों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखना।
- उत्पाद विकास, अनुबंध अनुसंधान और परामर्श की शुरुआत करना।
- नेतृत्व गुणों को बढ़ाने, पेशेवर/नैतिक गुणों को बनाए रखने, प्रभावी रूप से टीम कार्य कौशल, बहुआयामी दृष्टिकोण, उत्कृष्ट विशेषज्ञता के साथ इंजीनियरिंग विशेषज्ञता, सॉफ्ट कौशल से "उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण को बनाए रखने के माध्यम से "सक्षम कुशल पेशेवर" सामाजिक जिम्मेदारियों से सीखने वालों में बदलाव लाना।

उत्कृष्टता के क्षेत्र :

- साइबर भौतिक प्रणाली
- एम्बेडेड प्रणाली व् आईओटी

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम :

अल्पावधि पाठ्यक्रम :

- सीएडी/सीएएम में पी जी डिप्लोमा
- एंड्रॉइड एप्लिकेशन डेवलपर में सर्टिफिकेट कोर्स
- वर्तमान पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और भविष्य के रुझान
- 3डी प्रिंटिंग और योजक विनिर्माण
- औद्योगिक स्वचालन प्रणाली डिजाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- मुद्रित सर्किट बोर्ड डिजाइन और फैब्रिकेशन
- थिंग्स ऑफ इंटरनेट (आईओटी) में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क एसोसिएट
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) में पीजी डिप्लोमा
- साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक में पीजी डिप्लोमा

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम :

- इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन प्रौद्योगिकी में एम.टेक
- इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और रखरखाव में बी.टेक

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- कुल 385 अभ्यर्थियों को औपचारिक दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया था।
- कुल 489 अभ्यर्थियों को गैर–औपचारिक अल्पकालिक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया था।
- कुल 150 प्रतिभागियों को डीजीईएंडटी प्रायोजित एससी/एसटी जॉब सीकर योजना के अंतर्गत डीओईएससीसीसी–सीएचएम–'ओ' स्तर में प्रशिक्षित किया गया था।
- कुल 200 अभ्यर्थियों ने डीजीईएंडटी प्रायोजित एससी/एसटी जॉब सीकर योजना के अंतर्गत सॉफ्टवेयर 'ओ' स्तर कार्यक्रम से जुड़े हैं।
- कुल 2152 अभ्यर्थियों ने सीएचएम 'ओ' स्तर और सीएचएम 'ए' स्तर पूर्ण किया।
- कुल 65782 अभ्यर्थियों को 'सीसीसी' योजना के लिए प्रशिक्षित किया गया था।
- कुल 165 अभ्यर्थियों को 'बीसीसी' योजना के लिए प्रशिक्षित किया गया था।
- कुल 228 अभ्यर्थियों को आईआरडीए पाठ्यक्रम हेतु प्रशिक्षित किया गया था।
- सीसीसी प्लस के लिए 8 अभ्यर्थी और ईसीसी के लिए 1 अभ्यर्थी प्रशिक्षित हुए।
- ईएसडीएम योजना के अंतर्गत कुल 4687 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया।
- सरकारी कार्मिकों हेतु ई–अपशिष्ट प्रबंधन पर एक दिवसीय पाठ्यक्रम आयोजित किया गया है, कुल 18 अभ्यर्थियों को गोवा राज्य में प्रशिक्षित किया गया है और 43 अभ्यर्थियों को भोपाल, मध्य प्रदेश में प्रशिक्षित किया गया था।
- क्षमता निर्माण परियोजना के अंतर्गत कुल 1491 अभ्यर्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे थे।
- कक्ष ए–32 छात्रों का छात्रावास नेटवर्किंग और कई अन्य सुविधाओं से सुसज्जित है, का उदघाटन दिनांक 17.09.17 को श्री राजीव कुमार, संयुक्त सचिव, एमईआईटीवाई व महानिदेशक, नाइलिट द्वारा किया गया।
- स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी, नाइलिट केंद्र, औरंगाबाद के छात्रों की परियोजना से उभरते हुए व्यापार योग्य विचारों अंगीकृत करने के लिए सीएमआईए के साथ एक समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- कुल 100 पुलिस जवानों के लिए साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, भोपाल में किया गया।

औरंगाबाद

भुवनेश्वर

कार्यकारी समिति की बैठक(कें)

शून्य

कार्मिक

नियमित : 3

परियोजना आधारित : 0

प्रभारी निदेशक

श्री वी. कृष्णमूर्ति

पता :

नाइलिट, भुवनेश्वर
तीसरा मंजिल, उत्तर की ओर
ओसीएसी टॉवर, आचार्य विहार,
भुवनेश्वर–751013

सम्पर्क के ब्यौरे

मो 9423149900

ई–मेल : dir-bbsr@nielit.gov.in

क्षेत्राधिकार राज्य

शून्य

विस्तार केन्द्र

शून्य

केंद्र का इतिहासः

"नाइलिट केंद्र, भुवनेश्वर, ओडिशा की स्थापना" शीर्षक वाली परियोजना के अंतर्गत ओडिशा में "राज्य सरकार ने निशुल्क स्थान कुल 5204 वर्ग फीट के क्षेत्रफल के साथ तीसरे तल, उत्तर की ओर स्थित ओसीएसी टावर में आवंटित किया है। केंद्रीय रूप से स्थित और शहर के अन्य हिस्सों से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। राज्य सरकार ने सैद्धान्तिक रूप से नाइलिट केंद्र, भुवनेश्वर के स्थायी परिसर के लिए 15 एकड़ भूमि के आवंटन को मंजूरी दे दी है।

प्रस्तावित केंद्र में आईईसीटी के क्षेत्र में सर्टिफिकेट स्तर से विशेष पाठ्यक्रमों तक शुरू होने वाले पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए नवीनतम उपकरण से लैस 3 व्याख्यान–कक्ष, 2 प्रयोगशालाएं, एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष होंगे।

उत्कृष्टता का क्षेत्रः (प्रस्तावित)

- इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद संलग्नक डिजाइन, ई–शासन और ईआरपी, ई–अपशिष्ट प्रबंधन और एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन के औद्योगिक डिजाइन में कॉर्पोरेट प्रशिक्षण।
- नियमित सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स पाठ्यक्रमों–कार्यालय स्वचालन, प्रोग्रामिंग भाषाएं, डेटाबेस, मल्टीमीडिया एनिमेशन प्रौद्योगिकी, पीसीबी डिजाइन और फैब्रिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रॉनिक एम्बेडेड सिस्टम डिज़ाइन पर प्रशिक्षण।
- एनएसक्यूएफ से सूचीबद्ध किए गए लघु अवधि पाठ्यक्रमः इलेक्ट्रॉनिक्स, डेटा एनालिटिक्स पर प्रशिक्षण।
- इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण
- सॉफ्टवेयर (एस/डब्ल्यू) विकास

चलाये जाने वाले पाठ्यक्रमः

अल्प अवधि पाठ्यक्रम

• टैली का उपयोग कर वित्तीय लेखा • उन्नत जावा • डिजिटल इमेज प्रसंस्करण • ऑटोकैड • उन्नत वित्तीय लेखा • सी++प्रोग्रामिंग • इमेज संपादन और 2डी एनिमेशन • मैटलैब • नेटवर्क प्रशासन • लिनक्स का उपयोग कर सिस्टम प्रशासन • बिजली व सुरक्षा प्रैक्टिस • 3डी डिजाइन के लिए परिचय • इन्स्टालेशन व विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणाली का रखरखाव • सिस्को नेटवर्क अकादमी कार्यक्रम • औद्योगिक प्रशिक्षण।

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम

• आईटी–'ओ' और 'ए' स्तर • सीएचएम–'ओ' स्तर • मैट–ओ स्तर

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- भुवनेश्वर में स्थित नव स्थापित केंद्र ओसीएसी टॉवर, आचार्य विहार से संचालित हो रहा है तथा केन्द्र ने 13 जागरूकता कार्यशालाओं / कार्यक्रम / सेमिनार आयोजित किए हैं।

- प्रसार भारती, उच्च शिक्षा निदेशालय, पावरग्रिड, ओडिशा खनन निगम, ओसीएसी, कलेक्टरेट, पुरी और कलेक्टरेट, बारगढ़ के लगभग 100 पदाधिकारियों के लिए ई–अपशिष्ट पर जागरूकता कार्यक्रम नाइलिट कोलकाता के साथ आयोजित किया गया था।

- नाइलिट केंद्र, भुवनेश्वर के परिसर तथा 200 विद्यार्थियों के लिए भुवनेश्वर स्थित प्रत्यायित संस्थान जैसेः एनआईएटी, सी–डैक और एडुटैक में स्वच्छ भारत पखवाड़ा के अवसर पर ई–अपशिष्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

- दिनांक 19 मार्च 2018 को, सी–डैक द्वारा प्रायोजित सूचना सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला एमईआईटीवाई के आईएसई, कार्यक्रम के अंतर्गत हैदराबाद, इम्पोरियल कॉलेज, बरगढ़ में आयोजित की गई थी। इसमें कुल 106 छात्रों ने भाग लिया।

- दिनांक 21 और 22 मार्च, 2018 को, सीआईआईएल, सुंदरगढ़ में इसी तरह की कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिसमें कुल 120 उद्यमियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया और कुल 66 सरकारी कार्मिकों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

कालीकट

कार्यकारी समिति की बैठक
24वीं बैठक, 26 दिसंबर, 2017

कार्मिक
नियमित : 39
परियोजना आधारित : 11

कारोबार
709.27 लाख रु.

कार्यकारी निदेशक
डॉ. एम.पी. पिल्लै

पता
नाइलिट कालीकट
एनआईटी परिसर डाकघर
कालीकट–673601
केरल

सम्पर्क के ब्यौरे
फोन : 0495–2287123
फैक्स : 2287168
मोबाइल : 9446026809
ई–मेल : dir-calicut@nielit.gov.in

क्षेत्राधिकार राज्य
केरल, कर्णाटक
तथा लक्षद्वीप

विस्तार केन्द्र
शून्य

केंद्र का इतिहास:

केंद्र की स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी। तब से केंद्र उद्योग उन्मुखी गुणात्मक शिक्षा के संचालन और विभिन्न औपचारिक रूप से अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण, सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी) के क्षेत्र में क्षमता निर्माण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन से जुड़ा हुआ है। केंद्र अनुप्रयोगों उन्मुखी आर एंड डी के साथ–साथ उत्पाद विकास और औद्योगिक परामर्श सेवाओं से भी जुड़ा हुआ है। 25 एकड़ में समृद्ध हरे–भरे परिसर में इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया गया है इसमें कई परिष्कृत प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास रूम, आईईईई पहुंच, एनकेएन कनेक्टिविटी, 24x7 वाईफाई सुविधाए छात्र हॉस्टल, कैंटीन और स्टाफ क्वार्टर सम्मिलित हैं। केंद्र **आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित** है औपचारिक एम. टेक पाठ्यक्रम एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और एपीजेक तकनीकी विश्वविद्यालय केरल से संबद्ध हैं। कालीकट विश्वविद्यालय के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स में पीएचडी के लिए अनुसंधान केंद्र के रूप में मान्यता अभी तक प्राप्त है।

उत्कृष्टता का क्षेत्र:

☞ एम्बेडेड सिस्टम और आईओटी
☞ वीएलएसआई / एएसआईसी डिजाइन और सत्यापन
☞ प्रोसेस कंट्रोल एंड इंस्ट्रुमेंटेशन
☞ क्लाउड कंप्यूटिंग और सूचना सुरक्षा
☞ बिग डेटा एनालिटिक्स, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

चलाये जाने वाले पाठ्यक्रम:

अल्प अवधि पाठ्यक्रम

• इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद डिजाइन और विनिर्माण में उन्नत पीजी डिप्लोमा • एम्बेडेड सिस्टम डिज़ाइन में पीजी डिप्लोमा • वीएलएसआई व एम्बेडेड हार्डवेयर • थिंग्स ऑफ इंटरनेट (आईओटी) • औद्योगिक स्वचालन प्रणाली डिजाइन • सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी • सूचना सुरक्षा और क्लाउड कंप्यूटिंगय • बिग डेटा एनालिटिक्स में उन्नत डिप्लोमा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम

इलेक्ट्रॉनिक्स में पीएचडी, प्रौद्योगिकी (एमटेक) के मास्टर • एम्बेडेड सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन प्रौद्योगिकी, वीएलएसआई और एम्बेडेड सिस्टम (संयुक्त रूप से डीआईएटी–डीआरडीओ पुणे के साथ); नाइलिट सीएचएम 'ओ' स्तर व नाइलिट 'ओ' स्तर।

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- विभिन्न औपचारिक, गैर–औपचारिक और प्रमाणीकरण योजनाओं के माध्यम से कुल मिलाकर 3252 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित / परीक्षित किया गया। 68 अभ्यर्थी को एम.टेक कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।
- कुल 560 अभ्यर्थियों को पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, प्रमाणपत्र कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा कुल 597 अभ्यर्थियों को पूर्व में डीओईएसीसी योजना ('ओ' लेवल और सीएचएम 'ओ' लेवल) के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- कुल 851 अभ्यर्थियों को आईसीसीटी के उन्नत क्षेत्रों में इंटर्नशिप, कस्टम प्रशिक्षण, कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया था। कुल 1176 अभ्यर्थियों को बीसीसी, सीसीसी के माध्यम से आईटी साक्षरता पर प्रशिक्षित / प्रमाणित किया गया था।
- कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने विशेष रूप से नाइलिट कालीकट के विद्यार्थियों के लिए भर्ती अभियान आयोजित किए जिसमें आईएनटीईएल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पाथ पार्टनर टेक्नोलॉजी, गाडगीन स्मार्ट सिस्टम, प्रोसेसिस, कंजस्ट टेक्नोलॉजी, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन कंपनियों द्वारा कुल 62 अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध किया गया था।
- अभिगृहीत और स्थापित अत्याधुनिक अल्ट्रा ध्वनि अनुसंधान मंच (यूएसए से प्राप्त 64 सिस्टम)। इस सुविधा के साथ, कालीकट सेंटर मेडिकल अल्ट्रासाउंड रिसर्च के एलिट क्लब में शामिल हो गया है। भारत में इस प्रकार की सुविधा दूसरी है।
- केरल राज्य इलेक्ट्रॉनिक तकनीशियन एसोसिएशन (केएसईटीए) के सदस्यों के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र के आकार, स्थापना, संचालन और रखरखाव पर पाँच दिवसीय गहन प्रशिक्षण।
- 3 वर्ष, दिनांक 28.09.2015 से प्रभावी, पीएनडीटी अनुपालन के साथ स्वदेशी रंग डोप्लर अल्ट्रासाउंड स्कैनर शीर्षक आधारित परियोजना पर आर एंड डी का कार्यान्वयन।
- 5 वर्ष, दिनांक 01.04.2014 से प्रभावी, सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता (आईएसईए) परियोजना चरण–II का कार्यान्वयन।
- कम लागत वाले उपकरणों के आधार पर जागरूकता के माध्यम से "आईटी कौशल और ई–समावेशन" पर एसटी के लिए कार्यक्रम का कार्यान्वयन जिसमें दिनांक 4 जुलाई, 2014 से प्रभावी, "1500 अभ्यर्थियों को संयुक्त रूप से अमृता विश्वविद्यालय के साथ मिलकर प्रशिक्षित करना है।
- एमईआईटीवाई परियोजना के अंतर्गत भाग लेने वाले संस्थान "चिप्स के लिए विशेष जनशक्ति विकास कार्यक्रम सिस्टम डिज़ाइन (एसएमडीपी–सी 2 एसडी)" दिसंबर 2015 से प्रभावी।
- स्वचालन के लिए सॉफ्टवेयर का डिजाइन और विकास–मालाबार देवस्वाम (33 नंबर) और केरल में मंदिरों के लिए ऑनलाइन सहायता।
- मेगा डिजीडन कैंपस कोच्चि और बैंगलोर में व्यवस्थित – कुल 759 लाभार्थी।

केरल

चण्डीगढ़

कार्यकारी समिति की बैठक
20 दिसंबर, 2017

कार्मिक
नियमित : 104
परियोजना आधारित : 111

कारोबार
9490.36 लाख रु.

निदेशक
श्रीमती सुनीता गोयल

पता
नाइलिट चण्डीगढ़
सी–134, फेज़–VIII
औद्योगिक क्षेत्र, सेक्टर–72
एसएएस नगर, मोहाली–160071

सम्पर्क के ब्यौरे
फोन : 0172–2236453
ई–मेल : dir-chandigarh@nielit.gov.in

क्षेत्राधिकार राज्य
पंजाब, हरियाणा व (यूटी), चंडीगढ़

विस्तार केन्द्र

- यूएचबीवीएन, मॉडल टाउन, रोहतक
- यूएचबीवीएन, झांसा रोड, कुरुक्षेत्र
- यूएचबीवीएन, बाग के समीप, जवाहर स्टेडियम, झज्जर
- यूएचबीवीएन, फाउंटेन चौक, यमुनानगर

केंद्र का इतिहासः

नाइलिट, चण्डीगढ़ की स्थापना वर्ष 1978 में सूचना, इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी) के क्षेत्रों में प्रोफेशनल सेवाएँ प्रदान करने के लिए की गई थी। यह इस क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है। यह केन्द्र आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित है। केंद्र का उद्देश्य अत्यधिक उपयोगकर्ता की संतुष्टि के लिए सभी सूचनाए इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार तकनीकी (आईईसीटी) के पहलुओं पर ज्ञान का प्रसार करना है तथा इसके लिए मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड भी बनाया गया है। यह केंद्र समय–समय पर मूल्यांकन की आवश्यकताओं के आधार पर ग्राहकों के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सेवाएं प्रदान करता है।

उत्कृष्टता का क्षेत्रः

☞ केंद्र आईईसीटी, स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा, कॉर्पोरेट प्रशिक्षण, बड़े पैमाने पर डेटा कैप्चरिंग तथा डेटा प्रोसेसिंग सहित आईटी के क्षेत्र में प्रमुख परियोजनाएं, ऑनलाइन तथा वेब समर्थित अनुप्रयोग के लिए सॉफ्टवेयर विकास, व्यवहार्यता और सिस्टम अध्ययन, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के चयन में परामर्श और कंप्यूटर एडेड डिज़ाइनिंग (सीएडी) में क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान करता है।

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमः

अल्प अवधि पाठ्यक्रम

• एम्बेडेड सिस्टम डिज़ाइन • आर्डूइनों • थिंग्स ऑफ इंटरनेट (आईओटी) कोर जावा जे2ईई • एएसपी, सी# के साथ नेट • एमवाईएसक्यूएल के साथ पीएचपी • सी/सी++ • वेब डिजाइनिंग, रचनात्मक ग्राफिक डिजाइन • ऑटो सीएडी • एसीसी/बीसीसी/सीसीसी/सीसीसी+ • डेटा विज्ञान और मशीन लर्निंग के लिए पायथन • विश्लेषणात्मक के साथ हडोप का उपयोग कर बिग डेटा • एंड्रॉइड का उपयोग कर मोबाइल अनुप्रयोग विकास में सर्टिफिकेट कोर्स • पाइथन के साथ रास्पबेरी पीआई • मैटलैब • लिनक्स/यूनिक्स के अंतर्गत सिस्टम प्रशासन • क्लाउड कंप्यूटिंग और वर्चुअलाइजेशन • एसक्यूएल सर्वर/ओरेकल • सीसीएनए वी 6.0 रूटिंग और स्विचिंग (मॉडयूल 1 और 2, 3 और 4) • प्रमाणित एथिकल हैकर (सीईएच) वी 9.0 • साइबर सुरक्षा।

दीर्घ अवधि पाठ्यक्रम

